संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, रविवार, 07 अप्रैल 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गाजियाबाद में रोड शो किया। इस मौके पर सीएम योगी भी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 95 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


## आदर्श विचार



"जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं।"

-भागवद् गीता

## मन की बात



"सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

-स्वामी विवेकानंद




# दो लड़कों की फ्लॉप फिल्म फिर रिलीजः मोदी

= मुझे समझ नहीं आता कि काठ की इस हांडी को विपक्षी गठबंधन वाले कितनी बार चढ़ाएंगे, अखिलेश-राहुल गांधी पर कसा तंज

**चुनावी सरगर्मी**

8 हिंदुस्तान के हर कोने में शक्ति की उपासना हमारी स्वाभाविक, आध्यात्मिक यात्रा का हिस्सा है : मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**सहारनपुरः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सहारनपुर से चुनावी शंखनाद किया। पश्चिमी यूपी पीएम मोदी ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने राम-राम से मंच पर पहुंचकर अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में देश का डंका बज रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारा ये स्थान मां शक्ति का स्थान है, ये मां शक्ति की साधना का स्थान है और हिंदुस्तान के हर कोने में शक्ति की उपासना हमारी स्वाभाविक, आध्यात्मिक यात्रा का हिस्सा है। हम वो देश हैं, जो कभी भी शक्ति उपासना को नकारते नहीं हैं। लेकिन ये देश का दुर्भाग्य है कि विपक्षी गठबंधन के लोग चुनौती दे रहे हैं कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। जिन-जिन लोगों ने शक्ति को नष्ट करने का प्रयास किया है, उन सबका क्या हाल हुआ है, ये इतिहास और पुराणों में अंकित है।

**'यूपी में दो लड़कों की फ्लॉप फिल्म फिर रिलीज':** पीएम मोदी ने कहा कि आपको याद होगा, यहां उत्तर प्रदेश में दो लड़कों की जो फिल्म पिछली बार फ्लॉप हो चुकी है, उन दो लड़कों की फिल्म को इन लोगों ने फिर से रिलीज किया है। मुझे समझ नहीं आता कि काठ की इस हांडी को ये विपक्षी गठबंधन वाले कितनी बार चढ़ाएंगे।

### विपक्षी गठबंधन भी कमीशन के लिए हैः मोदी

**पीएम** मोदी ने कहा कि कांग्रेस जितने साल सत्ता में रही, उसने कमीशन खाने को प्राथमिकता दी। ये विपक्षी गठबंधन भी कमीशन के लिए है। जबकि एनडीए, मोदी सरकार मिशन के लिए है। पीएम मोदी ने कहा कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर, चुनावी घोषणा नहीं, बल्कि हमारा मिशन रहा है। इस वर्ष रामनवमी में हमारे प्रभु राम टेंट में नहीं, बल्कि भव्य मंदिर में दर्शन देंगे। पीएम मोदी ने कहा कि भारत को एक मजबूत देश बनाना भाजपा की प्रतिबद्धता है।

### 'सपा को हर घंटे अपने उम्मीदवार बदलने पड़ रहे हैं'

**पीएम** मोदी ने कहा कि सपा की स्थिति तो ये है कि यहां उन्हें हर घंटे अपने उम्मीदवार बदलने पड़ रहे हैं। कांग्रेस की स्थिति तो और भी विचित्र है, कांग्रेस को तो उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे। जिन सीटों को कांग्रेस अपना गढ़ मानती थी, वहां भी उसे उम्मीदवार उतारने की हिम्मत ही नहीं हो रही है। यानी विपक्षी गठबंधन अस्थिरता और अनिश्चितता का दूसरा नाम बन चुका है। इसलिए देश आज उनकी एक भी बात को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

**ये चुनाव विकसित भारत बनाने के लिए हैः** पीएम मोदी ने कहा कि याद कीजिए 2014 के वो दिन, उस समय देश घोर संकट के दौर से गुजर रहा था। मैंने उस समय गारंटी दी थी कि देश झुकने नहीं दूंगा, हर स्थिति को बदलूंगा। निराशा को आशा और आशा को विश्वास में बदलूंगा। आपने अपने आशीर्वाद में कोई कमी नहीं रखी। याद कीजिए तब हमारा भारत 11वें नंबर की ताकत था। अब मोदी ने 5वें नम्बर की ताकत बना दिया है। आज भारत की तस्वीर विकसित देश की बना दी है। पूरे वर्ल्ड में देश का डंका बज रहा है। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 2024 का चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, बल्कि ये चुनाव विकसित भारत बनाने के लिए है।

**भाजपा ने लोगों का भरोसा जीता हैः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भाजपा का स्थापना दिवस है। बहुत कम दशकों में ही भाजपा के साथ रिकॉर्ड संख्या में हमारे देशवासी जुड़े हैं। भाजपा ने लोगों का भरोसा जीता है, भाजपा ने लोगों दिल जीता है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि भाजपा राजनीति नहीं, राष्ट्रनीति पर चलती है।

## कैफे ब्लास्टः आरोपी की हुई पहचान

**टीम एक्शन इंडिया**

**बेंगलुरुः** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में ब्लास्ट के आरोपी और सह-साजिशकर्ता की पहचान हो गई है। बता दें कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने ब्लास्ट को अंजाम देने वाले की पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब और सह-साजिशकर्ता अब्दुल मथीन ताहा के रूप में की। बेंगलुरु के आईटीपीएल रोड पर स्थित रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को ब्लास्ट हुआ था। इस मामले को लेकर एनआईए की जांच चल रही है। एनआईए ने रामेश्वर कैफे में ब्लास्ट करने वाले दोनों आरोपियों की पहचान कर ली है, जो शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के निवासी हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने एनआईए के हवाले से बताया कि रामेश्वरम कैफे में आईईडी विस्फोट को अंजाम देने वाले आरोपी व्यक्ति की पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब और सह-साजिशकर्ता अब्दुल मथीन ताहा के रूप में की है, जो शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के रहने वाले हैं।

## पीएम मोदी झूठे, हमारा गारंटी शब्द भी चुरायाः मल्लिकार्जुन खरगे

**साधा निशाना**

8 विपक्ष के नेताओं को भाजपा में शामिल करवाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं : सोनिया गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुरः** लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को जयपुर में कांग्रेस की जनसभा हुई। सभा कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र का विमोचन भी किया। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी समेत अन्य नेताओं ने सभा को संबोधित कर भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झूठों का सरदार बताया, साथ ही उन पर गांरटी शब्द को चोरी करने का आरोप भी लगाया। वहीं, सोनियां गांधी ने कहा- मोदी देश का चीर हरण कर रहे हैं। विपक्ष के नेताओं को भाजपा में शामिल करवाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। संविधान बदलने का षडयंत्र रचा जा रहा है, यह तो तानाशाही है।

**कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है वह हमारी गारंटी :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- मोदी झूठों के सरदार हैं, वह हमेशा झूठ बोलते हैं, गांरटी हमारा शब्द है मोदी ने इसे चुरा लिया। उन्होंने कहा कि मोदी संविधान बदलना चाहते हैं। खरगे ने कहा- कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है वह हमारी गारंटी है। हम सभी गारंटी को अमल में लाएंगे। हम कभी झूठ नहीं बोलते, जैसे मोदी बोलते हैं। मोदी जहां जाते हैं कुछ न कुछ झूठ बोलकर आते हैं। मोदी ने हमारे गारंटी शब्द को भी चुरा लिया। गारंटी शब्द कांग्रेस ने ही दिया था।

### हम लड़ेंगे और न्याय की रोशनी खोजेंगेः सोनिया

**कांग्रेस** की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी मोदी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमारे महान पूर्वजों ने कठिन संघर्ष के बल पर देश की स्वाधीनता के सूर्य को खोजा। इतने बरसों में वह महान ज्योति कुछ मध्यम पड़ गई है। हम इसके खिलाफ लड़ेंगे और न्याय की रोशनी खोजेंगे। हमारा देश पिछले 10 साल से एक ऐसी सरकार के हवाले है, जिसने बेरोजगारी, महंगाई, अत्याचार को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।


## 'भ्रमित हुए बिना सीएए के लिए आवेदन करें'

**नई दिल्लीः** सीएए के तहत नागरिकता के लिए मतुआ समुदाय से आवेदन के लिए केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर आग्रह कर रहे हैं। उन्होंने सीएए की पैरवी करते हुए कहा कि यह हर मतुआ को कानूनी नागरिकता सुरक्षित करेगा। जिससे वे आने वाले 100 वर्षों में विदेशी नहीं माने जाएंगे। केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने मतुआ समुदाय को समझाया कि उन्हें कानूनी और संवैधानिक नागरिकता सीएए द्वारा प्रदान की जाएगी।

## 'आतंकी जहां भी चले जाएं बचेंगे नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** अगर आतंकवादी भारत में शांति भंग करने की कोशिश करेंगे या आतंकी गतिविधियों को अंजाम देंगे तो उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अगर वे पाकिस्तान भाग गए तो भारत उन्हें पड़ोसी देश में घुसकर मार गिराएगा। ये बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए अपनी सरकार के स्पष्ट एजेंडे को दिखाते हुए कही है।



**ब्रिटिश अखबार को दो टूकः** रक्षा मंत्री ब्रिटिश अखबार 'द गार्जियन' की रिपोर्ट पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें दावा किया गया था कि भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 2019 के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा के एक अभियान के तहत पाकिस्तान में आतंकवादियों की हत्याएं कीं।

**पाक में घुसकर आतंकियों का करेंगे सफायाः** राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर पड़ोसी देश के आतंकवादी भारत में शांति भंग करने की कोशिश करेंगे या भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करेंगे, तो हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे।

## 'मुख्तार के घर जाने के बाद से मिल रहीं धमकियां'

**टीम एक्शन इंडिया**

**हैदराबादः** एआईएमआईएम पार्टी के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने हैदराबाद में एक जनसभा के दौरान दावा किया कि 'जब से वह उत्तर प्रदेश में मुख्तार अंसारी के घर होकर आए हैं, तब से ही उन्हें सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।' ओवैसी ने कहा कि 'मैं जुनैद के घर भी गया था और अखलाक के घर भी गया था। जो लोग मुझे धमकियां दे रहे हैं।

## 'पार्टी को खत्म करने की कोशिश हुई'

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटनाः विकासशील** इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला है। पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले कई साल से हमलोग अपने समाज और अतिपिछड़ों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पूरे उत्साह और मजबूती के साथ वीआईपी मजबूती से काम कर रही है। पिछले 10 साल पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार है। वह किसी की नहीं सुनते हैं। आप दिल पर हाथ रखकर सोचिए कि इस देश में लोकतंत्र है या राजतंत्र है।



**इस देश में हिटलरशाही चल रही हैः** वीआईपी प्रमुख ने कहा कि इस देश में हिटलरशाही चल रही है। दो-दो मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया है। युवा को रोजगार नहीं मिल रहा है। अग्निवीर योजना के तहत चार साल में सेवानिवृति दी जा रही है। क्या केवल पांच किलो अनाज से देश का विकास हो जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हम आएंगे हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार देंगे। लेकिन दो करोड़ क्या अगर दो लाख लोगों को आरक्षण देते तो आज 10 साल में 20 लाख लोगों को रोजगार मिलता। आप केवल नफरत की राजनीति करते हैं। धर्म की राजनीति करते हैं। मुकेश सहनी ने कहा कि हमलोग कभी कल्पना नहीं कर सकते हैं कि सत्ता का ऐसा भी दुरुपयोग वह कह सकते हैं।

## गवाहों को पट्टी पढ़ाया जाना चिंताजनकः कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने थाने के अंदर आपराधिक मामले में गवाहों को पट्टी पढ़ाए जाने को चिंताजनक करार दिया है। मामले में तमिलनाडु के डीजीपी से दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए हैं। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि यह चिंताजनक है कि ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट दोनों ने मामले में गवाहों को पाठ पढ़ाए जाने के महत्वपूर्ण पहलू को नजरअंदाज कर दिया है।




**चर्चा में लद्दाख** लद्दाख को छठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए, वहीं लद्दाख को दो लोकसभा सीटें (करगिल और लेह) मिले

## मांगों को लेकर चीन सीमा पर होने वाला है पश्मीना मार्च

**टीम एक्शन इंडिया**

**लद्दाखः** 2020 में पूर्वी लद्दाख के गलवान में चीनी और भारतीय सैनिकों के बीच हुई खूनी झड़प के बाद समूचा केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख चर्चा में हैं। 3500 मीटर की ऊंचाई पर बसा ठंडे रेगिस्तान के नाम से मशहूर लद्दाख में सर्दियों में तापमान माइनस में पहुंच जाता है। वहीं बेहद शांत रहने वाले लद्दाखी इन दिनों बेहद गुस्से में हैं। इसकी वजह है उनकी केंद्र सरकार से उनकी नाराजगी। उनकी नाराजगी की दो वजह हैं, पहली लद्दाख को छठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए, वहीं दूसरी मांग है कि लद्दाख को दो लोकसभा सीटें (करगिल और लेह) देने के साथ पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाए। इन्हीं मांगों को लेकर थ्री इंडियट्स फिल्म से मशहूर हुए फुनसुख वांगडू यानी प्रसिद्ध पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक 21 दिन के अनशन पर भी बैठे थे, जिसे उन्होंने क्लाइमेट फास्ट नाम दिया था। लेकिन केंद्र की तरफ से उनकी मांगों और अनशन तोड़ने को लेकर कोई पहल नहीं की गई। जिसके बाद क्लाइमेट एक्टिविस्ट और मैग्सेस पुरस्कार से सम्मानित सोनम वांगचुक ने लेह में सात मार्च को चीन सीमा से लगे इलाकों में पश्मीना मार्च निकालने का एलान कर दिया। उनके मार्च को हर लद्दाखी का जनसमर्थन मिल रहा है, जिसके बाद वहां प्रशासन ने लेह में धारा 144 लागू करते हुए इंटरनेट बैन का आदेश भी जारी कर दिया। उनकी इस मुहिम को बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गों और महिलाओं तक का समर्थन मिल रहा है। जिगमत पलजोर ने बताया कि रात में जब तापमान शून्य से 12 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला जाता है, उस समय भी लगभग 300-400 लोग विरोध स्थल पर बैठे थे।



# कार्यकर्ता मोदी सरकार के काम पर गर्व से मांगें वोट: सैनी

**अपील**

8 अब वोटिंग तक वे घर न बैठें, विकास कार्यों के दम पर गर्व के साथ जनता के बीच जाएं कायकर्ता: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर फरीदाबाद में पार्टी का झंड़ा फहराते हुए कहा कि संसद में दो सीटों से अपनी यात्रा की शुरूआत करने वाली भाजपा इस बार 400 पार करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि अब वोटिंग तक वे घर न बैठें, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों के दम पर गर्व के साथ जनता के बीच जाएं और वोट मांगें। मुख्यमंत्री शनिवार को भाजपा कार्यालय अटल कमल में झंडा फहराने के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद भाजपा और नरेंद्र मोदी के साथ है, इसलिए इस बार भी हरियाणा से सभी लोकसभा सीटें जिताकर मोदी जी के पास भेजेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की 6 अप्रैल 1980 को स्थापना हुई। दो सीट से शुरू हुई यात्रा 303 पर चली गई है। देश आज एक सुर में बोल रहा है अबकी बार 400 पार। नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने विकास का एक नया आयाम छुआ है। उन्होंने कहा कि मैं 2024 में एक बार फिर डबल इंजन की सरकार हरियाणा में देख रहा हूं। जनता का मैंडेट लेकर तीसरी बार हरियाणा में कमल का फूल खिलेगा। प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार फरीदाबाद पहुंचे तो कार्यकर्ताओं में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और सभी अपने मुख्यमंत्री का जबरदस्त एवं भव्य स्वागत किया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने मुख्यमंत्री जी का जिला कार्यालय पर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी भाजपा स्थापना दिवस पर कार्यकताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे इस बात का भी गर्व है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में पार्टी का हम 44 वां दिवस मना रहे हैं।

## मुख्यमंत्री सैनी सात अप्रैल को टोहाना में करेंगे रैली: बराला

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनाव प्रचार को तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार रैलियां कर रहे हैं। इसी कड़ी में सात अप्रैल को सिरसा लोकसभा के टोहाना में मुख्यमंत्री विजय संकल्प रैली को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के लगातार कार्यक्रमों को देखते हुए भाजपा के पदाधिकारियों ने भी अपनी कमर कसी हुई है और वे लगातार रैलियों की सफलता के लिए लगे हुए हैं। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला टोहाना रैली के संयोजक रहेंगे। सुभाष बराला ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी टोहाना में तीन बजे रैली को संबोधित करेंगे। रैली की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यकताओं में इस रैली को लेकर जबरदस्त उत्साह है। सुभाष बराला ने बताया कि मुख्यमंत्री रैली के बाद लोकसभा क्षेत्र में अन्य कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे।

## विपक्ष की भारत जोड़ो यात्रा नहीं भारत तोड़ो यात्रा: नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद: हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज विपक्ष भारत जोड़ो यात्रा की बात कर रहा है। इन लोगों को भारत जोडो यात्रा का नाम देने से पहले यह देखना चाहिए था कि उनके पूर्वजों ने भारत को जोडने का काम किया था या तोडने का काम। इंडिया गठबंधन ने मेनिफेस्टो जारी किया है कि न्याय देने का कार्य किया जाएगा लेकिन यह न्याय देने का काम भाजपा ने किया है। ऐसे में विपक्ष को अपने गिरेबान में झांकने की जरूरत है। वे गुरुवार को जींद की नई अनाज मंडी में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने हरियाणवी लहजे में कहा कि 2014 से पहले का शासन देखें तो एक व्यक्ति को गैस सिलेंडर लेने के लिए तीन दिन तक लाइन में लगना रहना पडता था। यह न्याय था या अन्याय, इसे आप खुद समझ सकते हैं। नरेंद्र मोदी ने न्याय दिलाने का काम किया और लाइन को खत्म करते हुए उन घरों में भी सिलेंडर पहुंचाने का काम किया जहां सिलेंडर पहुंचाना भी सपना था। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि मोदी ने दस वर्षों में देश के गरीबों के लिए चार करोड़ मकान बनाने कााम किया। भाजपा कार्यकाल में बातें कम हुई और काम ज्यादा हुए।

जबकि कांग्रेस कार्यकाल में बातें ज्यादा होती थी और काम कहीं नही दिखाई देता था। विपक्ष की सरकारों में माता व बहनों को पेयजल के लिए एक-एक किलोमीटर दूर जाना पड़ता था। इस की चिंता मोदी सरकार ने की और अलग से मंत्रालय जल शक्ति बनाया गया। अब हर घर के अंदर नल व स्वच्छ जल पहुंचाने का काम नरेंद्र मोदी सरकार ने किया है।उन्होंने कहा कि 2014 में देश का युवा जब एलओसी पर खडा होता था तो उस पर पत्थरबाजी होती थी।

वो सबसे बडा अन्याय था लेकिन नरेंद्र मोदी ने इस अन्याय को दूर करने का काम किया है। अब युवाओं पर न तो कोई पत्थरबाजी होती है और न कोई पतथरबाजी दिखाई देती है। यह सब नरेंद्र मोदी ने दस वर्षों में किया है। विपक्ष जो न्याय की बात करता है, उन्हें इस बात को समझना होगा। उन्होंने कहा कि पीएम किसान निधि किसान तक पहुंचाने का काम मोदी सरकार ने किया। किसानों को सुरक्षित करने का काम किया गया है।

## मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए एकजुट होना होगा: बडौली



**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद: राई** विधायक एवं सोनीपत से भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बडोली ने कहा कि तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनें, इसके लिए आपको एकजुट होना होगा। उन्होंने लंबे समय से भाजपा कार्यकर्ता के तौर पर जनता की सेवा की। अब लोकसभा की जिम्मेवारी शीर्ष नेतृत्व ने दी है। दस की दस सीटें बहुमत से जीतने का जो आदेश दिया है, उस पर खरा उतरने का काम करेंगे। वे शनिवार को जींद की नई अनाज मंडी में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा का चुनावी आह्वान अबकी बार 400 पार का नारा पूरे देश में चला है। हिंदुस्तान को विश्व गुरू बनाने का जो सपना 2024 में प्रधानमंत्री ने देखा है, उसे पूरा करने के लिए 15 जून को पक्ष में मतदान करें। राज्यसभा सांसद

**वोट की अपील**

8 लंबे समय से भाजपा कार्यकर्ता के तौर पर जनता की सेवा की। अब लोकसभा की जिम्मेवारी नेतृत्व ने दी

कृष्ण पंवार ने कहा कि आज देश में लोकसभा के चुनाव घोषित हो चुके हैं। देश में भाजपा ऐसी पार्टी है, जिसके 12 करोड़ कार्यकर्ता है। देश में सबसे पहले भाजपा ने प्रत्याशियों की टिकट घोषित की है और विपक्ष संकोच में है। 2014 में देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहरलाल बने। आपने दोनों का कार्यकाल देखा है। आपके अंर्तमन से आवाज आएगी तो नरेंद्र मोदी का नाम आपकी जुबान पर स्वतः आ जाएगा।

## कलाकार जांगड़ा दंपति को मिला 'शाश्वत श्री' कला पुरस्कार से सम्मान

**कार्यशाला**

8 कलाकारों को आमंत्रित कर राष्ट्रस्तरीय दो दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** देश के एकमात्र त्रिनेत्र गणेश मंदिर ट्रस्ट (सवाई माधोपुर) रणथंबोर राजस्थान ने हिसार के विख्यात कलाकार डॉक्टर राजेश जांगड़ा व डॉक्टर गीता जांगड़ा को शाश्वत श्री कला पुरस्कार से नवाजा गया है। ट्रस्ट द्वारा देश के अलग-अलग राज्यों से कलाकारों को आमंत्रित कर राष्ट्रस्तरीय दो दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में हिसार के प्रसिद्ध कलाकार डॉक्टर राजेश जांगड़ा व डॉक्टर गीता जांगड़ा को आमंत्रित किया गया।

प्रतिभागी कलाकारों ने धर्म, चक्र, योग, शिव परिवार व त्रिनेत्र गणेश आदि विषयों पर चित्रों को कैनवास पर उकेरा। डॉक्टर गीता जांगड़ा ने शनिवार को बताया कि उन्होंने भगवान गणपति का त्रिनेत्र स्वरूप चित्रित किया व डॉक्टर राजेश जांगड़ा ने शिव पार्वती सहित भगवान गणपति को सहज भाव से उकेरा। कार्यक्रम की संयोजक कलाकार सावित्री शर्मा (जयपुर) ने बताया कि दोनों कलाकारों की कलाकृतियों को देख सभी अतिथियों एवं दर्शकों ने प्रशंसा की और दोनों कलाकारों को शाश्वत श्री कला पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि गायककार पंडित सुधीर व्यास, विशिष्ट अतिथि मुख्य महंत नीरज, महंत ब्रिज किशोर दागीच, महंत संजय दागीच व प्रधान हिमांशु गौतम ने दोनों कलाकारों को शॉल, स्मृति चिन्ह व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। डॉ. राजेश जांगड़ा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मीरान में कला प्राध्यापक और डॉक्टर गीता जांगड़ा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगथला में कला प्राध्यापिका है। दोनों कलाकार समय-समय पर हिसार का नाम राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करते रहते हैं। इनकी इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य सुभाष चाहार व प्राचार्या अनीता सहित सभी स्टाफ सदस्यों व सुरभि आर्ट सोसायटी के सभी सदस्यों ने बधाई दी।

## गुजवि के छह विद्यार्थियों को निजी कंपनी में मिली नौकरी

**चयनित**

8 ऑफ-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों को चयनित किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से शनिवार को 'यांसेफू इंक्स एंड कोटिंग प्राइवेट लिमिटेड गुड़गांव' (वाईआईसीपीएल) के ऑफ-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों को चयनित किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई एवं कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने शनिवार को कहा कि वाईआईसीपीएल विभिन्न पैकेजिंग समाधान प्रदान करने की दिशा में वैश्विक व्यापार नेटवर्क के साथ एक अच्छी तरह से स्थापित कंपनी है और एक 'वन-पॉइंट सोलूशन' प्रदाता कंपनी है। वाईआईसीपीएल विभिन्न प्रकार के सोलवेंट बेस, वाटर-बेस व रेडिएशन क्यूरिंग इंक, कोटिंग्स उत्पादों तथा सोलवेंटलेस पदार्थों से संबंधित उत्पाद सुरक्षा व नियामक अनुपालन पर ध्यान केंद्रित करती है। प्लेसमेंट निदेशक ने इस ड्राइव के संचालन के लिए वाईआईसीपीएल की सहायक प्रबंधक एचआर एवं एडमिन सीमा शर्मा को धन्यवाद दिया। प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार व ट्रेनिंग प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. बिजेंद्र कौशिक का भी आभार व्यक्त किया।

## कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाल मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

**खुशी**

8 भाजपा की स्थापना के बाद इसके पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी अटल बिहारी वाजपेयी को मिली थी



**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा: भारतीय जनता पार्टी** स्थापना दिवस शनिवार को जीवन नगर रोड स्थित भाजपा कार्यालय में मनाया गया। इस स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाइक सवार रैली निकाली। इस रैली का शुभारंभ मार्केट कमेटी के पूर्व अध्यक्ष शीशपाल कंबोज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली रानियां शहर के विभिन्न बाजारों से होती हुई वापस भाजपा कार्यालय दफ्तर में पहुंची। भाजपा मंडल के सहसंयोजक बलवान जांगड़ा ने बताया कि भाजपा की स्थापना के बाद इसके पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी अटल बिहारी वाजपेयी को मिली थी। पार्टी के स्थापना दिवस पर भाजपा लीडरशिप द्वारा देश भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कमल उन लोगों को समर्पित है, जिन्होंने कई पीढ़ियां विचारधारा की सफलता के लिए खपा दीं। इस मौके पर शीशपाल कंबोज,निर्मल सिंह बसरा,करीवाला मंडल अध्यक्ष रणमल सिंह बालासर, कार्यालय प्रभारी भारत भूषण शर्मा, डॉ अमरजीत सिंह चन्नी,रामस्वरूप नैन, कमल बांसल, जिला उपाध्यक्ष बलवान जांगड़ा, प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष ललित पोपली, डॉ राधेश्याम मौजूद रहे।

## किसानों-मजदूरों के साथ हुए अत्याचारों का चुनावों में हिसाब करेंगे: नंबरदार

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** किसान सभा के जिला प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार ने कहा कि सरकार की नीतियों से किसान व मजदूर खफा हैं। सरकार ने वादा किया था कि बेरोजगारों को रोजगार देंगे, किसानों को एमएसपी देंगे, मजदूरों को मनरेगा के तहत रोजगार कर देंगे, किसान को पूर्ण रुप से कर्ज मुक्त किया जाएगा लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया गया। वे शनिवार को किसान सभा मंगाली के द्विवार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन की अध्यक्षता ढाणी जाटान के सरपंच सुभाष ने की। शमशेर नंबरदार ने कहा कि अपने वादों व आश्वासनों को भूलकर सरकार ने एमएसपी के बदले 750 किसानों को आंदोलन में शहादत दी। किसान सभा के तहसील प्रधान सूबे सिंह बूरा व सचिव रमेश मिरकां ने कहा कि किसान सभा 11 अप्रैल को लघु सचिवालय में चल रहे धरनास्थल पर किसान सभा का स्थापना दिवस मनाएगी। इसी तरह 14 अप्रैल को गांव लाडवा में कार्यक्रम करके बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को याद किया जाएगा। सम्मेलन के अध्यक्ष मंडल में मंगाली सुरतिया के सरपंच बलराज, मंगाली मोहब्बत के सरपंच बलवंत सिंह, मंगाली झारा के सरपंच जोगिंदर सिंह, मंगाली आकलन के हनुमान पंडित, पूनिया खाप के महासचिव रविंद्र पूनिया, किसान सभा व जिला संयुक्त किसान मोर्चा के प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार आदि की देखरेख में संपन्न हुआ।

संचालन तहसील सचिव रमेश मिरकां ने किया।सम्मेलन में मंगाली किसान सभा इकाई के लिए धूप सिंह मांजू, उर्फ कन्हैयालाल को प्रधान, मनोज डांगी सचिव, नरसिंह सुथार वित्त सचिव, राममेहर जोगी सह सचिव, अजय जांगड़ा संगठन सचिव, राजेश कासनिया व मुख्य सलाहकार रविंद्र पूनिया के अलावा राजेश, भूप सिंह, कृष्ण मांजू, दीवान कासनिया, ओमप्रकाश मान, बीर सिंह फौजी, पूर्व सरपंच चंद्रभान, रामनिवास खाती, राजेश धायल, बीर सिंह नंबरदार, हरि सिंह रेपसवाल, कुलदीप कासनिया सर्वसम्मति से चुने गए।



**विरोध**

8 सरकार की नीतियों से किसान व मजदूर खफा हैं। सरकार ने वादा किया था कि बेरोजगारों को रोजगार देंगे, किसानों को एमएसपी देंगे

## पलवल: विवाहिता से चाकू की नोंक पर किया दुष्कर्म

**शर्मनाक**

8 एक गांव में घर में घुसकर चाकू की नोक पर विवाहिता से रेप करने का मामला सामने आया है

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल: पल**वल के मुंडकटी थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में घर में घुसकर चाकू की नोक पर विवाहिता से रेप करने का मामला शनिवार को सामने आया है। विवाहिता की शिकायत पर शनिवार को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। मिली जानकारी के अनुसार एक विवाहिता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि आरोपी की उसके पति से अनबन चल रही है, जिसके चलते वह अपने पति से अलग किराए के मकान में रहती है। पीड़िता का आरोप है कि 5 अप्रैल को उसके पास कलसाड़ा गांव निवासी राजू का फोन आया। राजू फोन पर कहने लगा, 'तुम अब कहां रहती हो, मैंने तुम्हारे पति को समझा दिया है, अब वह तुम्हारे साथ मारपीट नहीं करेगा। इसके लिए मुझे तुमसे मिलकर बात करने की जरूरत है।' 'अगर किसी को बताया तो जान से मार दूंगा'। पीड़िता ने उसकी बात मान ली और उसके विश्वास पर उसे अपने घर का पता बता दिया। 5 अप्रैल को देर शाम जब आरोपी पीड़िता के घर पहुंचा तो आरोपी ने उससे पानी मांगा। इसी दौरान आरोपी ने बदनीयती से उसका हाथ पकड़ लिया। जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने अपनी जेब से चाकू निकालकर उसकी गर्दन पर रख दिया और कहा कि अगर उसने शोर मचाया तो वह उसे मार डालेगा। जिसके बाद आरोपी ने उसके साथ रेप किया और कहा कि अगर उसने इस बारे में किसी को बताया या कोई कार्रवाई की तो वह उसे जान से मार देगा और बदनाम कर देगा। थाना प्रभारी सुंदरपाल ने शनिवार को बताया कि पीडिता के अनुसार दी गई शिकायत के आधार पर आरोपी की धमकी से डरे बिना पीड़िता अपनी शिकायत लेकर मुंडकटी थाने पहुंची और पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्याय की गुहार लगाई।

## एसडीएम कार्यालय से आयोग की वेबसाइट का पासवर्ड लीक होने पर एफआईआर

**शिकायत दर्ज**

8 एसडीएम की शिकायत पर दर्ज हुआ मामला, पुलिस का आईटी सेल जांच में लगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** आम आदमी पार्टी की ओर से चुनावी रैली के लिए मांगी गई परमिशन के ऑनलाइन आवेदन को रद्द करने और गलियां लिखने के मामले में पुलिस ने शनिवार को एसडीएम की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस विभाग का आईटी सेल पूरे मामले की तह तक जाने के लिए जांच में लगा हुआ है। मामला सामने आने पर एसडीएम ब्रह्म प्रकाश ने शुक्रवार को अपने कार्यालय के सभी कंप्यूटर ऑपरेटर को सस्पेंड कर दिया था। इसमें चार कंप्यूटर ऑपरेटर व एक जूनियर प्रोग्रामर शामिल है। कैथल निवासी शुभम राणा ने आम आदमी पार्टी की कैथल में रैली की परमिशन लेने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एनकोर पोर्टल किए गए आवेदन पर एआरओ की वेबसाइट का इस्तेमाल करके लिखा गया था कि कोनी देंदे। उसके नीचे का दूसरे कॉलम में गालियां लिखी गई थी। पुलिस को दी शिकायत में असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर व एसडीएम ब्रह्म प्रकाश ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी इनकार पोर्टल पर रैली की परमिशन के लिए ऑनलाइन प्रार्थना पत्र 3 अप्रैल को प्राप्त हुआ था। जिस पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने एआरओयूजर्स का दुरुपयोग करते हुए दोनों आवेदनों में पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रद्द कर दिया और फोटो अपलोड कर दी। पूरा मामला सामने आने पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सुशील गुप्ता ने भाजपा पर जिला प्रशासन के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

**ट्रेनिंग के दौरान पासवर्ड लीक हुआ या किसी कर्मचारी की करतूत:** जिला सूचना अधिकारी दीपक खुराना ने अपने रिपोर्ट में कहा है कि दोनों ही रद्द प्रार्थना पत्रों की रिपोर्ट पर कोई डेट और टाइम नहीं है। उन्होंने संभावना जताई है कि 3 अप्रैल को होने निर्वाचन विभाग की ओर से आयोजित ट्रेनिंग मेंएआरओ व कार्यालय में नियुक्त आईटी टीम के कर्मचारियों ने भाग लिया था। जिस आवेदन पर टिप्पणी की गई है। उसी को डेमो के रूप में प्रयोग करते हुए पोर्टल के बारे में समझाया गया था। शायद इस समय किसी ने यूजर आईडी और पासवर्ड चुरा लिया हो। पुलिस भी अब इसी एंगल को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है। साइबर सेल के प्रभारी शिव कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस पहले आरो कार्यालय का सभी रिकॉर्ड अपने कब्जे में लेगी। सभी ऑपरेटर के बयान भी दर्ज किए जाएंगे।

## लोस चुनाव के चलते गुरुग्राम संवेदनशील घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम:** हरियाणा का बॉर्डर दिल्ली के साथ लगने के कारण लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत गुरुग्राम जिला अवैध शराब की बिक्री व जीएसटी चोरी के लिए काफी संवेदनशील क्षेत्र है। ऐसे में जिला मुख्यालय से लेकर पंचायत स्तर तक जीरो टोलरेंस नीति को अपनाते हुए कहीं पर भी अवैध शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए। यह बात आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा के आयुक्त अशोक मीणा ने लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में शनिवार को गुरुग्राम व नूंह जिला की स्टेटिकल सर्विलांस टीम (नाका इंचार्ज), फ्लाईंग स्क्वायड टीम व अन्य अधिकारियों की मीटिंग में कही। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रबंधन की दृष्टि से हरियाणा प्रदेश की काफी बेहतर छवि है, जिसे बरकरार रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। अशोक कुमार मीणा ने कहा कि पंजाब, चंडीगढ़ के माध्यम से हरियाणा के जरिए अन्य राज्यों में शराब की आवाजाही के लिए आबकारी विभाग द्वारा हरियाणा में 42 रूट निर्धारित किये गये हैं, एक पोर्टल भी बनाया गया है। लाइसेंस प्राप्त फर्मों को आवागमन के लिए उपरोक्त 42 रूट में से ही अपनी सुविधानुसार मार्ग का चयन करना होगा।

## जेजेपी नेताओं ने जननायक चौ. देवीलाल को पुण्यतिथि पर किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री, जननायक स्व. चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि पर जननायक जनता पार्टी के नेताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली दी।

हरियाणा निमार्ता, युग पुरूष एवं किसानों के मसीहा स्व. देवीलाल को नमन करते हुए जेजेपी नेताओं ने कहा कि ऐसे युगपुरुष को पूरा देश सदियों तक याद रखेगा। जननायक जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र लेगा व फतेहाबाद जिलाध्यक्ष रविंद्र बेनीवाल ने कहा कि जननायक चौधरी देवीलाल एक क्षेत्र, प्रांत, जाति, वर्ग या समाज के प्रणेता ही नहीं थे। वह सच्चे अर्थों में पूरे समाज के मार्ग दर्शक रहे। आज भी उन्हें पूरा देश याद करता है। वे एक मात्र ऐसे जन नेता रहे हैं जिन्होंने देश के कानून में बदलाव करते हुए किसान हित में अनेक सख्त कानून बनाए थे। जब भी उन्होंने सत्ता में आकर कोई काम किया तो उसमें किसानों के हित सर्वोपरि माने। वृद्धावस्था पेंशन, बेरोजगारी भत्ता, ट्रेक्टर को करमुक्त करवाना, हर खेत को पानी व हर घर को किसी न किसी तरह की मदद उनके यादगार कार्यों की सूचि में शामिल है। जेजेपी नेताओं ने कहा कि बुढापा पेंशन, गरीब किसानों और मजदूरों की कर्जा माफी का वायदा 48 घंटे में पूरा कर गड्डु-मड्डु स्व. देवीलाल ने साबित किया कि जनहित के कार्यों के लिए समय नहीं, उन जैसी दृढ़ इच्छा शक्ति होनी चाहिए। ह्यलोकराज लोकलाज से चलाने वाले जननायक चौ. देवीलाल के लिए सत्ता जनसेवा का जरिया थी। उन्होंने कहा कि जेजेपी नेता एवं प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी उन्हीं के कदम चिन्हों पर आगे बढ़ रहे हैं।



## न्यूज फ्लैश

### केजरीवाल के समर्थन में आप कार्यकर्ता आज रखेंगे उपवास: विशाल खूब्बड

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल देश की तानाशाह ताकतों से लंड रहे हैं ताकि लोकतंत्र और संविधान को बचाया जा सके। आम आदमी पार्टी कुरुक्षेत्र के प्रधान विशाल खूब्बड ने बताया कि आप के कार्यकर्ता रविवार अर्थात 7अप्रैल को 9 बजे दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पास ब्रह्मसरोवर के तट पर केंद्र सरकार के तानाशाही रवैए के विरोध में उपवास रखेंगे। उपवास कार्यक्रम की अध्यक्षता इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुशील गुप्ता करेंगे और आप के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। खुब्बड ने आम आदमी पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओ से अपील करते हुए कहा है कि सभी कार्य करता उपवास कार्यक्रम में समय पर पहुंच कर अहम भूमिका निभाएं ताकि संविधान और लोकतंत्र को समाप्त करने वाली तानाशाही ताकतों को एकजुट होकर मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके।

### जेसीपीएल के तीसरे दिन भी रहे रोमांचक मुकाबले



**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** यह लीग पी.के.आर जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सहयोग से श्री माणिभद्र वीर यंग सोसायटी की और से करवाये जा रहे है। सचिव संकेत जैन ने टूर्नामेंट की जानकारी देते हुए बताया कि इस सीजन में 8 टीम और 104 खिलाड़ी भाग ले रहे है। यह खेल 4 अप्रैल से 7 अप्रैल तक पी.के.आर. जैन वाटिका में खिलाया जाएगा। कार्यिक्रम में 8 टीम एसएस सुपरकिंग्स,दी चैम्पियंस, महावीर के दीवाने, दी हसलर्स, गंगा ओम अरुण लायंस,नॉवल्टी फाइटर,दी गोल्डन ईगल, राइजिंग स्टार्स भाग लेंगी। इस अवसर पर सोसायटी के प्रधान लव जैन के साथ चेयरमैन भाविक जैन, उपप्रधान भरत जैन, सचिव संकेत जैन, कोषाध्यक्ष विकुल जैन,सहसचिव नव्यम जैन,करुणजैन,मनन जैन,अमन जैन,सुकान्त जैन ,पुनीत जैन, समर्थ जैन व अन्य सदस्य मौजूद रहे।गंगा ओम अरुण-महावीर के दीवाने के बीच पहला मुकाबला खेला गया और गंगा ओम अरुण लायंस ने जीत दर्ज दूसरा मैच दी हस्टलर्स-दी गोल्डन ईग्ल्स के बीच हुआ और दी हस्टलर्स ने जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला नॉवल्टी फाइटर किंग्स और दी चैम्पियंस के बीच खेला गया नॉवल्टी फाइटर को हार का सामना करना पढा। आखिरी मुकाबला एस एस सुपरकिंग्स ओर दी राइसिंग स्टार के बीच खेला गया। दी राइजिंग स्टार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। रोमांचक मैचेस को देखने के लिए जनसैलाब उमड़ रहा है। और लोगो में मैच को लेकर काफी उत्साह है। कल इसी मैदान में होगा महामुकाबला। आज खेले जाने वाले मैच नॉवल्टी फाइटर किंग्स-दी गोल्डन ईग्ल्स साँय 4 बजे दी चैंपियंस-एस एस सुपरकिंग्स साँय 7 बजे गंगा ओम अरुण लायंस-दी राइजिंग स्टार रात्रि 9 बजे और अंतिम मुकाबला महावीर के दीवाने और दी हस्टलर्स के बीच होगा।

# सुधा ने कार्यकर्ताओं के घर पर भाजपा का झंड़ा लगाकर भरा जोश

## राज्यमंत्री ने थानेसर विधानसभा के कुरुक्षेत्र व थानेसर शक्ति केंद्रों पर किया प्रवास

**जश्न**

**8 भारत दुनिया की तीसरे नंबर की आर्थिक शक्ति बन कर उभरेगा: शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री**



**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरे नंबर की आर्थिक शक्ति बन कर उभरेगा। इस देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस साल लगातार काम किया है। अब तीसरी बार सरकार बनाकर भाजपा फिर से देश को विकसित बनाने की अपनी योजनाओं को आगे बढ़ाएगी। राज्यमंत्री सुभाष सुधा आज शनिवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर थानेसर हलका में अलग अलग जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा ने शनिवार को थानेसर विधानसभा के कुरुक्षेत्र व थानेसर शक्ति केंद्रों पर भाजपा के नेताओं व कार्यकताओं की मीटिंग ले रहे थे। इस कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने कई भाजपा नेताओं व कार्यकताओं के घर पर भाजपा का झंडा लगाया और कार्यकताओं में जोश भी भरा। राज्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस सालों में एक एक व्यक्ति की जरूरत को ध्यान में रखकर योजनाओं को तैयार किया और इन योजनाओं का 100 प्रतिशत लाभ समाज के अंतिम जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया। इस सरकार के कार्यकाल से समाज का हर वर्ग खुश नजर आ रहा है।उन्होंने सभी के साथ पिछले दस सालों की उपलब्धियों और आने वाली भाजपा सरकार का क्या रोडमैप रहेगा, को सांझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरे नंबर की आर्थिक शक्ति बनेगा। इसका रोडपैन भी प्रधानमंत्री द्वारा तैयार कर लिया गया। इसके साथ ही भारत को वर्ष 2047 तत विकसित देश बनाने की योजना को भी तैयार कर लिया गया है। इस योजना के अनुसार लोगों की हित में काम किए जाएंगें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता और नेता को अपने घर पर भाजपा का ध्वज लगाकर स्थापना दिवस मनाना चाहिए। भाजपा दुनिया का सबसे मजबूत संगठन और इसके करोड़ों लोग जुड़े हुए है। इस कार्यक्रम में भाजपा के मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान, थानेसर मंडल के प्रधान हरीश अरोड़ा, शक्ति केंद्र प्रमुख मोहन लाल अरोड़ा, राजकुमार बाजवा, विवेक रावतऽ बिशनदव शास्त्री, कुलवंत कश्यप, रविंद्र सांगवान ने अपने विचार व्यक्त किए।

## ब्लैक फिल्म लगे वाहनों के खिलाफ चलाया विशेष अभियान



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा 1 अप्रैल 2024 से 7 अप्रैल 2024 के दौरान गाड़ी के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान गाड़ी के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगाने वालो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है। अगर किसी भी गाडी के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगी मिलती है तो अम्बाला पुलिस द्वारा चालान करके भारी जुमार्ना लगाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस ऐसे वाहनों पर शिकंजा कसने जा रही है जो गाड़ियों के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगाकर घूम रहे है। गाड़ियों के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगाना यातायात के नियमों के विरूद्ध है। अम्बाला पुलिस ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही कर रही है। गाड़ियों के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगाकर वाहनों चालकों द्वारा यातायात के नियमों की पालना ना करने पर 10 हजार रुपए तक का जुमार्ने का प्रावधान है। गाड़ियों के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगाने वालों के खिलाफ अम्बाला पुलिस द्वारा कड़ी कार्यवाही करते हुए विभिन्न थाना क्षेत्रों से अब तक 101 वाहनों के चालान किए जा चुके है। यातायात के नियमों की पालना ना करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**कार्यवाही**

**8 अभियान के दौरान गाड़ी के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगाने वालो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही**

## कांग्रेस पार्टी ने घोषणा पत्र जारी करके न्याय का लिया संकल्प: लाल बहादुर खोवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र को हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने जनहितकारी व प्रभावशाली बताया है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि इस घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देकर सही काम किया गया है क्योंकि कांग्रेस देशवासियों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रही है। एडवोकेट खोवाल ने बताया कि कांग्रेस घोषणा पत्र कमेटी का सदस्य होने के नाते उन्होंने पिछड़े, शोषित, वंचित व समाज की मुख्यधारा से कटे हुए लोगों के हितों के लिए कई प्रावधान सुझाए थे। उन्होंने कहा कि उन प्रावधानों को घोषणा पत्र में शामिल करके कांग्रेस पार्टी ने सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इसी भांति वकीलों व न्यायिक उपक्रमों से जुड़े लोगों की मांग भी घोषणा पत्र में शामिल की गई है। एडवोकेट खोवाल ने बताया कि न्याय पत्र में कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि पार्टी राष्ट्रव्यापी आर्थिक-सामाजिक जाति जनगणन करवाएगी।

## कैंथला खुर्द में हर्षोल्लास से मनाया भाजपा स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र के निकटवर्ती गांव कैंथला खुर्द में भारतीय जनता पार्टी दिवस पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया जिसमें गांव के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने ग्रामवासियों को भाजपा दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है। भाजपा की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में देश में विकास के नए-नए आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि जब से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं तब से पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। दुनिया भारत को पूरे सम्मानजनक दृष्टिकोण से देखती हैं।सरपंच बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि आज गांव और शहर में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता। सभी को समान दृष्टि से विकसित किया जा रहा है ।अंतिम पंक्ति में बैठे प्रत्येक व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ पहुंच रहा है। सभी को अच्छी शिक्षा, अच्छी चिकित्सा सेवाएं, बिजली पानी बेहतरीन तरीके से सप्लाई हो रहा है। देश और प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी की सरकार से खुश है। उन्होंने कहा कि सन 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से देश की जनता माननीय नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जा रही है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 तक पूर्ण विकसित भारत का सपना अवश्य साकार होगा क्योंकि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की कार्य शैली से बेहद खुश है । आज ग्रामीण क्षेत्र में सरकार द्वारा करवाए जा रहे कार्यों के कारण गांव की जनता बीजेपी सरकार का गुणगान कर रही है जो कि काबिले तारीफ है । इस अवसर पर अमर सिंह, कुलदीप सिंह, सेवा सिंह, ठाकुर सिंह ,राम लाल,देश राज,करनैल सिंह, बलदेव सिंह उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हथियार कराएं जमाए: एसपी जशनदीप

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** अम्बाला जिला पुलिस ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों को लाइसेंसी हथियार नजदीकी पुलिस थाने या प्राधिकृत शस्त्र डीलर के पास जमा करवाने के आदेश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी गई है और आचार संहिता भी लागू हो गई है। चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के उद्देश्य से लाइसेंस धारक अपना हथियार बिना किसी देरी के अपने नजदीकी थाने या प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा कराएं। उन्होंने सभी चौकी और थाना प्रबंधको को निर्देश देते हुए कहा कि अपने क्षेत्र में लाइसेंसी हथियार रखने वाले लोगों के हथियार जमा कराना सुनिश्चित करें। कोई भी व्यक्ति थाना के अलावा प्राधिकृत शस्त्र डीलर के पास भी अपने हथियार जमा करवा सकता हैए मगर हथियार जमा करवाने की रसीद को संबंधित थाने में दिखाना होगा।

चुनाव के दौरान किसी के पास भी कोई हथियार नहीं होना चाहिए। जो लोग अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करेंगेए उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने कहा कि इसके साथ ही वह अशांति फैलाने में शामिल पाए गए तो उनके शस्त्र लाइसेंस निरस्त करके प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। यदि शस्त्र लाइसेंस धारक अपना हथियार जमा नहीं करवाते हैं तो उनके शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण रोककर, लाइसेंस के रद्द करने प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

**आदेश**

**8 अशांति फैलाने में शामिल पाए गए तो उनके शस्त्र लाइसेंस निरस्त करके प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी**

## कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा ने तिगरी गांव में सुशील गुप्ता के लिए मांगे वोट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए गांव तिगरी में वोट की अपील करते हुए । स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि आज प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत दुखी है और सभी मन बना चुके हैं कि अबकी बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि हरियाणा से 10 की 10 लोकसभा सीटे इंडिया गठबंधन जीतेंगा। स्वीटी रंगा नलवी हल्का शाहबाद के गांव गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान लगातार कर रही है और ग्रामीणों से वोट के लिए सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतरीन बुनियादी सुविधाएं प्राप्त करने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में वोट करना है।स्वीटी रंगा ने ग्राम वासियों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को झाड़ू का बटन दबाकर कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता को विजयी बनाना है।

## श्री मथुरा वृंदावन बस यात्रा आयोजित

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र, :** श्री राधे श्याम सेवा संस्था कुरुक्षेत्र द्वारा शुक्रवार रात्रि श्री मथुरा वृंदावन बस यात्रा आयोजित की गई। संस्था संचालक राजकुमार शांडिल्य ने बताया कि यह यात्रा सेक्टर-5 के शिव मंदिर से रवाना हुई जिसे सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी रमेश अरोड़ा ने झंडी दी। इस यात्रा से पूर्व लगभग 65 श्रद्धालुओं ने श्री बांके बिहारी जी की आरती करके बस में प्रवेश किया। यात्रा की मंगल शुरूआत में राधे रानी के चरणों में सभी भक्तों की कुशल यात्रा की कामना की गई। यह बस यात्रा कोकिलावन, नंदगांव, बरसाना, गोवर्धनजी, मथुरा, गोकुल, निधिवन, श्रीराधे रमण, राधावल्लभजी, श्री बांके बिहारी जी से गुजरेगी।

## स्कूल में हवन करके की नए सत्र की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सारसा कुरुक्षेत्र में नए सत्र की शुरूआत वेद पारठी ब्राह्मणों द्वाराऔ यज्ञ करने से हुई। विद्यालय के प्राचार्य बलवान सिंह ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सारसा के प्रांगण में सभी अध्यापकों, छात्रों एवं ग्राम पंचायत के सदस्यों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं अभिभावकों के द्वारा विद्यालय में प्रवेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसके अंतर्गत सबसे पहले जयराम विद्यापीठ से आए हुए वेद पाठी ब्राह्मणों के द्वारा यज्ञ किया गया। सभी छात्रों ने व ग्रामीणों और अध्यापकों ने आहुतियां डाली तथा वातावरण सुगंधमय हो गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विनोद कौशिक जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र पहुंचे। सभी गांव वालों ने एवं अध्यापकों ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरकारी स्कूल में अपने बच्चों को दाखिल करवा कर सरकार द्वारा दी जा रही बेहतरीन सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाएं। गांव वासियों ने इस कार्यक्रम के लिए विद्यालय के स्टाफ को शुभकामनाएं दी एवं आश्वासन दिया कि हम सरकारी स्कूल में ज्यादा से ज्यादा बच्चों को प्रवेश दिलाने में पूर्ण रूप से सहयोग करेंगे। ग्रामीणों में शिक्षा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण, पूर्व सरपंच बलकार, सतपाल, रमेश, दिनेश एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे ।स्टाफ सदस्यों में सतवीर कौशिक, डॉक्टर प्रीतिका, डॉक्टर नीतू, बाला, सीमा नरवाल, कविता, चांदीराम, ईश्वर, राजकुमार, रमेश व समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

**वैदिक परंपरा**

**8 प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं अभिभावकों के द्वारा विद्यालय में प्रवेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया**

## प्रो. सोमनाथ सचदेवा कल करेंगे क्लब ओरिएंटेशन कोर्स का उद्घाटन

### केयू सीनेट हॉल में आयोजित एक दिवसीय नाटक कार्यशाला में छात्रों ने सीखे नाटक के सूक्ष्म पहलू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**




**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा संचालित क्लबों का सामूहिक ओरिएंटेशन कोर्स कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में 8 अप्रैल को होगा। इसका उद्घाटन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा करेंगे। इस ओरिएंटेशन कोर्स में यूटीडी, इंस्टीट्यूट ऑफ इन्टीग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टड़ीज, आईटीटीआर एवं यूआईईटी के कुल 24 क्लबों के प्रभारी एवं इनके सचिव भाग लेंगे। इस आशय की जानकारी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने शनिवार को केयू सीनेट हॉल में एक दिवसीय नाटक कार्यशाला के छात्रों को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि क्लबों के माध्यम से विश्वविद्यालय के छात्रों को अधिक से अधिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा तथा नाटक के माध्यम से बच्चों में जहां एक ओर अभिनय की बारिकियों को सीखने का अवसर प्राप्त होगा, वहीं पर दूसरी ओर उनकी प्रतिभा को मंच मिलेगा। डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि आने वाले दिनों में विश्वविद्यालय में लिट्रेरी क्लब, फाईन आर्ट क्लब, फोटोग्राफी क्लब, थियेटर क्लब, इको एंड नेचर क्लब, म्यूजिक क्लब आदि के माध्यम से विश्वविद्यालय के छात्रों की प्रतिभा को नई उड़ान मिलेगी। उन्होंने थियेटर क्लब एवं नाटक कार्यशाला के छात्रों को नाटक से संबंधित भावी योजनाओं पर प्रकाश ड़ालते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र स्वयं के नुक्कड एवं नाटक तैयार कर अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे।

इस मौके पर उन्होंने नाटककार बृज शर्मा, डॉ. आबिद अली, डॉ. संत तथा डॉ. विजयश्री से थियेटर क्लब की भावी योजनाओं के विषय में विस्तार से चर्चा की और उनका स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि यह कार्यशाला कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय फिल्म सोसायटी एवं थियेटर क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी। इस कार्यशाला में थियेटर क्लब, जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान तथा विधि विभाग के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर नाटक से जुड़ी जानकारी एवं ज्ञान अर्जित किया।

**प्रतिभाग**

**8 ऑनर्स स्टड़ीज, आईटीटीआर एवं यूआईईटी के कुल 24 क्लबों के प्रभारी एवं इनके सचिव भाग लेंगे**

## एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर बोर्ड ने संगीता जिंदल को नया अध्यक्ष नियुक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**



**गुरुग्राम।** एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर बोर्ड ने संगीता जिंदल को अपने निदेशक मंडल के नए अध्यक्ष के रूप में चुने जाने की घोषणा की है। उनकी नियुक्ति 1 अप्रैल, 2024 से प्रभावी हो गई है। एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर की सीईओ इनाक्षी सोबती ने कहा, मुझे एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में संगीता जिंदल का स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने दक्षिण एशिया में हमारे मिशन को बहुत समर्थन दिया है और भारत और दक्षिण एशिया में समकालीन कला को सपोर्ट करने का उनका काम एक परिवर्तनकारी शक्ति रहा है। मैं दक्षिण एशिया में एशिया सोसाइटी के काम को मजबूत करने के लिए उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। संगीता जिंदल आर्ट इंडिया की प्रेसिडेंट और जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की चेयरपर्सन हैं। यह फाउंडेशन जेएसडब्ल्यू ग्रुप ऑफ कंपनीज की सामाजिक विकास परियोजनाओं के लिए जिम्मेदार है। पिछले बीस वर्षों में वह जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन का नेतृत्व कर रही हैं, इसने शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका सृजन, स्थानीय खेल विकास और कला और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों का दायरा बढ़ाया है। उन्होंने 1992 में जिंदल आर्ट्स सेंटर की स्थापना की और 1994 में भारत की प्रमुख कला पत्रिका आर्ट इंडिया की स्थापना की। वह काला घोड़ा कला महोत्सव की संकल्पना करने वाली टीम में शामिल थीं और उन्हें 2004 में आइजनहावर फैलोशिप से सम्मानित किया गया था।

# पर्यावरणीय मुद्दों को भी चुनाव में उठाया जाए

–प्रियंका सौरभ

> 2023 में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि हुई, नवीकरणीय क्षमता में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 50% की वृद्धि हुई। 18वीं सदी के मध्य से औद्योगिक प्रगति के प्रमुख चालक सभी क्षेत्रों में मशीनीकरण और प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार रहे हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद की अवधि में प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन काफी बढ़ गया है। प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग से प्रेरित प्रगति का पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।
> ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भरता का जलवायु पर भारी प्रभाव पड़ा है। जीवाश्म ईंधन के उपयोग से ग्रीनहाउस गैसों का बड़े पैमाने पर उत्सर्जन हुआ है, जिससे सीधे वैश्विक तापमान में वृद्धि हुई है

**राजनीतिक दलों** को जलवायु परिवर्तन पर सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने और ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए स्पष्ट रूप से कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। राजनीतिक दलों को उन कदमों के बारे में बताना चाहिए जो वे भारत पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को कम करने के लिए उठाएंगे। यदि भारत वैश्विक व्यवस्था में अपना उचित स्थान पाना चाहता है, और "अमृत काल" में एक सच्ची विश्व शक्ति के रूप में गिना जाना चाहता है, तो जलवायु परिवर्तन कार्यों पर इसके नेतृत्व की मांगों पर नजर रखी जाएगी। मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पारंपरिक चुनाव तरीकों के पर्यावरणीय प्रभाव पर जोर देने, नवीन पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों पर ध्यान केंद्रित करने में हो सकती है। पर्यावरण के प्रति जागरूक चुनावी प्रथाओं को अपनाने से भारत को दुनिया भर के अन्य लोकतंत्रों के लिए एक उदाहरण स्थापित करने में मदद मिल सकती है।

संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) द्वारा हाल ही में जारी वैश्विक जलवायु स्थिति रिपोर्ट ने चिंता पैदा कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 को आधिकारिक तौर पर ग्रह के इतिहास में सबसे गर्म वर्ष के रूप में पहचाना गया है। राजनीतिक अभियानों में जलवायु परिवर्तन कार्य योजनाओं को शामिल करके, राजनीतिक नेता मतदाताओं के बीच मुद्दे की गंभीरता और निर्णायक कार्रवाई की अनिवार्यता के बारे में जागरूकता बढ़ा सकते हैं। यह सार्वजनिक चर्चा को जलवायु कार्रवाई को प्राथमिकता देने की दिशा में स्थानांतरित करने और नीति निमार्ताओं और जनता के बीच तात्कालिकता की भावना को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। जलवायु परिवर्तन को राजनीतिक अभियानों में एकीकृत करना राजनीतिक दलों को सतत विकास और वैश्विक नेतृत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है।

डब्ल्यू.एम.ओ. रिपोर्ट सामूहिक सार्वजनिक कार्रवाई शुरू करने को



अनिवार्य बनाती है - कुछ-कुछ वैसा ही जैसा कि कोविड-19 महामारी के दौरान हुआ था।

इस चुनावी मौसम में, डब्लूएमओ रिपोर्ट का परिणाम न केवल पूरी मानवता के लिए, बल्कि विशेष रूप से सभी राजनीतिक दलों के लिए जागृत होना चाहिए। डब्ल्यूएमओ, संयुक्त राष्ट्र और वैज्ञानिक बिरादरी द्वारा व्यक्त की गई जलवायु परिवर्तन पर चिंता को राजनीतिक दलों को अपनी कार्य योजनाओं को स्पष्ट करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।पूर्व-औद्योगिक स्तर से औसत तापमान वृद्धि थ0.12 डिग्री सेल्सियस की अनिश्चितता के मार्जिन के साथ 45 डिग्री सेल्सियस रही है। तापमान वृद्धि विभिन्न देशों द्वारा तय की गई 5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को तोड़ने के करीब है। डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 स्पष्ट अंतर से सबसे गर्म वर्ष था और जहां कई रिकॉर्ड टूट गए।

समुद्र के तापमान में वृद्धि, ग्लेशियर पीछे हटने, अंटार्कटिक बर्फ के आवरण में कमी, ग्रह के चारों ओर समुद्र के स्तर में वृद्धि के रिकॉर्ड। 2023 में दुनिया के महासागरों की गर्मी सामग्री रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई, जो अब तक दर्ज की गई महासागरीय गर्मी सामग्री का उच्चतम स्तर है। महासागरीय धाराओं की एक प्रणाली, अटलांटिक मेरिडियनल ओवरटर्निंग सकुर्लेशन (एएमओसी) का धीमा होना। वैश्विक औसत समुद्र-सतह तापमान (एसएसटी) 2023 में रिकॉर्ड ऊंचाई पर था, कई महीनों में पिछले रिकॉर्ड महत्वपूर्ण अंतर से टूट गए। वैश्विक महासागर में औसत दैनिक समुद्री हीटवेव कवरेज 32% का अनुभव हुआ, जो 2016 में 23% के पिछले रिकॉर्ड से काफी ऊपर है। गर्मी की लहरें, मूसलाधार बारिश और उष्णकटिबंधीय चक्रवात जैसी चरम मौसमी घटनाओं की आवृत्ति बढ़ गई है।

2023 में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि हुई, नवीकरणीय क्षमता में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 50% की वृद्धि हुई। 18वीं सदी के मध्य से औद्योगिक प्रगति के प्रमुख चालक सभी क्षेत्रों में मशीनीकरण और प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार रहे हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद की अवधि में प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन काफी बढ़ गया है। प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग से प्रेरित प्रगति का पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भरता का जलवायु पर भारी प्रभाव पड़ा है। जीवाश्म ईंधन के उपयोग से ग्रीनहाउस गैसों का बड़े पैमाने पर उत्सर्जन हुआ है, जिससे सीधे वैश्विक तापमान में वृद्धि हुई है। भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती करने और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की ओर बढ़ने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए क्योंकि देश पेरिस समझौते में उल्लिखित लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए काम कर रहे हैं। राजनीतिक दल अपने मंचों पर विशिष्ट नीतियों और कार्यों की रूपरेखा तैयार करके जलवायु परिवर्तन और इसके प्रभावों को संबोधित कर सकते हैं। इसके अलावा, भारत में चुनावी मौसम जलवायु परिवर्तन पर चर्चा को बढ़ाने और राजनीतिक दलों को पर्यावरणीय मुद्दों पर उनके रुख के लिए जवाबदेह बनाने का एक अनूठा अवसर प्रस्तुत करता है।

मतदाताओं का अनुमान है कि जलवायु परिवर्तन के बारे में उनकी चिंताएँ बढ़ने पर राजनीतिक नेता अपने नीतिगत एजेंडे में स्थायी समाधानों को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। राजनीतिक अभियान महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चिंताओं पर लोगों के साथ बातचीत कर सकते हैं और जलवायु परिवर्तन कार्य योजनाओं को शामिल करके उन्हें हल करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखा सकते हैं। जैसा कि भारत वैश्विक मंच पर अपनी सही जगह का दावा करना चाहता है और "अमृत काल" में एक दुर्जेय विश्व शक्ति के रूप में उभरना चाहता है, जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने में इसके नेतृत्व की प्रभावशीलता पर बारीकी से नजर रखी जाएगी।

राजनीतिक स्पेक्ट्रम के पार, पार्टियां भारत की आर्थिक समृद्धि को आगे बढ़ाने और इसकी आबादी की भलाई में सुधार लाने के उद्देश्य से पहल को प्राथमिकता दे रही हैं। हालाँकि, कार्रवाई योग्य योजनाओं के माध्यम से जलवायु परिवर्तन की केंद्रीय चुनौती से निपटने के ठोस प्रयास के बिना राष्ट्रीय प्रगति के लिए कोई भी व्यापक एजेंडा अपर्याप्त होगा।

## संपादकीय

# हिन्दू नववर्ष उत्सव के पीछे का विज्ञान

**राष्ट्रीय चेतना के** ऋषि स्वामी विवेकानन्द ने कहा था, "यदि हमें गौरव से जीने की भावना जागृत करनी है, यदि हम अपने हृदय में देशभक्ति के बीज बोना चाहते हैं तो हमें हिन्दू राष्ट्रीय पंचांग की तिथियों का आश्रय लेना होगा। जो कोई भी विदेशियों की तिथियों पर निर्भर रहता है वह गुलाम बन जाता है और आत्म-सम्मान खो देता है।" इस शुभ दिन पर प्रख्यात गणितज्ञ भास्कराचार्य ने सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, माह और वर्ष की गणना करके प्रथम भारतीय पंचांग की स्थापना की थी। जहां अन्य देशों में नववर्ष मनाने का आधार किसी व्यक्ति, घटना या स्थान से जुड़ा होता है और विदेशी लोग अपने देश की सामाजिक और धार्मिक परंपराओं और मान्यताओं के अनुसार इसे मनाते हैं, वहीं हमारा भारतीय नववर्ष ब्रह्मांड के शाश्वत तत्वों से जुड़ा हुआ है। ग्रहों और तारों की चाल पर आधारित हमारा नववर्ष सबसे विशिष्ट और वैज्ञानिक है। भारतीय संस्कृति या सनातन संस्कृति एक सुंदर, तार्किक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और वैज्ञानिक सभ्यता है। महात्मा गांधी के अनुसार, किसी राष्ट्र की संस्कृति उसके लोगों के दिलों और आत्माओं में होती है। यह पूरी तरह से सटीक है क्योंकि ऐसी कई चीजें या प्रथाएं हैं जिनका हम सदियों से पालन करते आ रहे हैं। जैसा कि हम हिंदू नववर्ष मनाते हैं, आइए हिंदू कैलेंडर के पीछे के विज्ञान को देखें। भारत में खगोल विज्ञान की एक लंबी परंपरा है, हालांकि नियमित ऐतिहासिक दस्तावेजों की कमी के कारण इसके विकास का पता लगाना मुश्किल है। प्राचीन लेखन में पाए जाने वाले खगोलीय संदर्भों की व्याख्या की जानी चाहिए। भारतीय खगोल विज्ञान 1400 ईसा पूर्व से पहले फला-फूला, जो बेबीलोनियन खगोल विज्ञान (जो पांचवीं शताब्दी में समृद्ध हुआ) से कहीं पुराना है। तिथियां (तारीखें) और नक्षत्र (तारे, तारा समूह या क्षुद्रग्रह) प्रारंभिक वैदिक खगोल विज्ञान में अवधारणाएं थीं। पांचवीं शताब्दी में आर्यभट्ट सहित कई खगोलविदों ने वर्तमान पंचांग (कैलेंडर) का निर्माण और परिशोधन किया। हिंदू नववर्ष चंद्र-सौर कैलेंडर पर आधारित है, जिसका सीधा संबंध मानव शरीर की संरचना से है। भारतीय कैलेंडर न केवल सांस्कृतिक रूप से, बल्कि वैज्ञानिक रूप से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह आपको ग्रहों की चाल से जोड़ता है। वसंत ऋतु की शुरूआत प्रतिपदा से होती है, जो आनंद, उत्साह और उल्लास से भरी होती है, साथ ही चारों ओर फूलों की खुशबू होती है। यह वह समय भी होता है जब फसल पकने लगती है, जिससे किसान अपनी मेहनत का फल प्राप्त कर सकता है। नक्षत्र अनुकूल स्थिति में होते हैं। यानी किसी भी काम को शुरू करने के लिए अनुकूल समय होता है। पृथ्वी के झुकाव के कारण हिंदू नववर्ष से शुरू होने वाली 21दिवसीय अवधि के दौरान उत्तरी गोलार्ध को सूर्य की अधिकांश ऊर्जा प्राप्त होती है। हालांकि उच्च तापमान मनुष्यों के लिए असुविधाजनक हो सकता है, लेकिन यही वह समय होता है जब पृथ्वी की बैटरी चार्ज होती है बारह हिन्दू मास (मासा, चंद्र मास) लगभग 354 दिनों के बराबर होते हैं, जबकि एक नक्षत्रीय (सौर) वर्ष की लंबाई लगभग 365 दिन होती है। इससे लगभग ग्यारह दिनों का अंतर पैदा होता है, जो हर (29.53/10.63) = 2.71 वर्ष या लगभग हर 32.5 महीने में समाप्त हो जाता है।

## कविता

"झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# मनुष्य से संघर्ष करते वन्यजीव

विजय

**देश के विभिन्न हि**स्सों में हाथियों के हमले बढ़ रहे हैं। बीते दिनों झारखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार में गुस्सैल हाथियों के उपद्रव की कई घटनाएं सामने आई, जिनमें करीब दस लोगों की जान चली गई। आए दिन हाथी और इंसानों के बीच टकराव की घटनाएं देखी जा रही हैं। इसकी बड़ी वजह कहीं न कहीं हमारी बढ़ती लालसा है। आधुनिकीकरण के नाम पर हमने उनके आशियाने उजाड़ दिए हैं। जंगल सिमटने लगे हैं। यही वजह है कि हाथी अपनी भूख-प्यास मिटाने के लिए रिहाइशी इलाकों में आ रहे हैं। 2020-21 में हाथियों ने 545 लोगों की जान ले ली। बीते वर्ष हाथियों की नाराजगी के चलते करीब 605 लोगों को अपने प्राण गंवाने पड़े। ऐसा नहीं कि इन हमलों में केवल इंसानों की जान गई, पिछले तीन वर्षों के आंकड़ों पर गौर करें तो करीब तीन सौ हाथियों की जान इंसानों ने ले ली। यह स्थिति तब है जब हाथियों को राष्ट्रीय धरोहर पशु घोषित किया जा चुका है। 'डब्लूडब्लूएफ इंडिया' की 'द क्रिटिकल नीड आफ एलिफेंट' रपट के मुताबिक इस समय दुनिया में हाथियों की संख्या मात्र पचास हजार है, जिसमें साठ फीसद हाथियों का निवास भारत में है। दुनिया भर में हाथियों के संरक्षण के लिए गठित आठ देशों के संगठन में भी भारत शामिल है। बावजूद इसके, हाथियों पर संकट मंडरा रहा है। हाथी पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता के लिए महत्त्वपूर्ण कड़ी हैं, मगर एक आरटीआइ के जवाब में पर्यावरण मंत्रालय ने बताया कि पिछले तेरह सालों में भारत के जंगलों में 1357 हाथियों की मौत हो चुकी है। इसका अर्थ है कि देश में हाथी संकट में हैं और कहीं न कहीं यह संकट मानवीय है। ऐसे में सोचने वाली बात है कि हमारे देश में पेड़- पौधे, पशु-पक्षियों को पूजने की परंपरा रही है, तो अब क्यों हम पशु- पक्षियों से दूर होते जा रहे हैं? इसका जवाब है कि मानवीय संवेदना तेजी से क्षरित होती गई है। इंसान का बढ़ता लालच और विकास की चाह इस हद तक बढ़ गई है कि मानव अपने ही विनाश की वजह बनता जा रहा है। बढ़ती आधुनिकता और भौतिकतावाद मानव को क्रूर और निर्दयी बनाने को आतुर है।

इंसान के स्वार्थी हो जाने की सजा न सिर्फ वन्यजीव भुगत रहे हैं, बल्कि इससे पारिस्थितिकी असंतुलन भी पैदा हो रहा है। इसका दुष्परिणाम अब इंसानों को भी भुगतना पड़ रहा है। बीते दिनों केरल के वायनाड जिले में एक जंगली हाथी का घर में घुसकर इंसान की जान लेने का मामला मीडिया की सुर्खियां बना था। यह हादसा मानव- पशु संघर्ष की स्थिति बयान करता है। केरल वन विभाग की ताजा रपट में मानव-पशु संघर्ष की करीब नौ हजार घटनाएं दर्ज हुई हैं। इनमें चार हजार से ज्यादा मामले जंगली हाथियों से जुड़े हैं। 2018 में केरल में हाथियों के हिंसक होने को लेकर पेरियार टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन' ने एक अध्ययन किया। उसमें निष्कर्ष निकला कि जंगलों में अब पारंपरिक पेड़ नष्ट हो गए हैं और उनके स्थान पर बबूल और नीलगिरी जैसे पेड़ लगाए जा रहे हैं। पेड़ों की ये किस्में जमीन से पानी भी अधिक सोख रही हैं।

## विचार

# कहीं सूखा, कहीं आग, वर्षा ऋतु में परिवर्तन, जल रसातल में

संजीव

**भारत जै**से विकासशील देश में ही जहां गरीबी ने अपना परचम फैला रखा है। शहरों में पेट्रोल, डीजल, केरोसिन से चलने वाली गाड़ियों और वातानुकूलित यंत्रों याने ए,सी की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होने से वातावरण में उष्णता बढ़ते जा रही है' इसके अलावा वनों का विनाश एक भयानक समस्या के रूप में देश में फैलता जा रहा है' अंधाधुंध फैक्ट्रियों एवं मशीनों के उपकरणों से निकलने वाले धुंए से वातावरण विषैला बनाकर मनुष्य और जीव जंतुओं का जीना दूभर कर दिया है। वनों की कटाई के साथ-साथ कंक्रीट के जंगल धीरे-धीरे गांव की तरफ बढ़ने लगे हैं, ऐसे में शुद्ध वायु और और तापमान में आश्चर्यजनक बदलाव जिसके परिणाम स्वरूप वर्षा ऋतु के परिवर्तन एवं बारिश में न्यूनता आने से धरती के तापमान में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसी के चलते देश के कई शहरों में तापमान 48 से 50 सेल्सियस होने के कारण पशु पक्षी एवं मनुष्य की हीट स्ट्रोक से मृत्यु हुई हो जाती है। पानी की कमी तथा शरीर में डिहाइड्रेशन से लोगों की तथा वन्य पशुओं की लगातार मृत्यु हो रही है।

ग्लोबल वार्मिंग का खतरा वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासिक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षों की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षों में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है।

वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र मैं पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है। वैज्ञानिकों की चेतावनी तथा दिए गए प्रमाण के बाद भी अनेक देश जो कार्बन उत्सर्जन के बड़े जिम्मेदार हैं, जीवाश्म ईंधन की इस्तेमाल को कम करने या खत्म करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जीवाश्म ईंधन की खपत खत्म होने की बात तो दूर है कम करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, और तो और इसके आसार भी निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रहे हैं। भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन ,जापान चीन ,रूस की दादागिरी दिखाई देती है,यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं ।विश्व के कुल देशों में से लगभग 50 देश ऐसे हैं जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर पृथ्वी को धधकाने के कार्य का 60% तक हिस्सेदारी रखते हैं। लेकिन इन देशों को ग्लोबल वार्मिंग की चिंता की बजाए विकासशील देश एवं गरीब देशों पर पर्यावरण सुरक्षा के नाम पर ग्लोबल वार्मिंग के नाम पर दोषारोपण कर के अपनी इतिश्री कर लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण चिंतन जितने भी सम्मेलन हुए हैं इसमें बड़े देशों की नीति एवं दादागिरी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चीन जो सबसे बड़ा कार्बन का उत्सर्जक देश है उसने पर्यावरण पर हुए सम्मेलनों में हिस्सेदारी तो दूर उसकी तरफ ध्यान देना भी उचित नहीं समझा। इंटरनेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल कमिटी ने चेतावनी दी है कि धरती के तापमान की वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक रोकने के लिए कार्बन उत्सर्जन में 43% से 50% तक कटौती करनी होगी। 2010 से लेकर 2021 तक दुनिया का औसत वार्षिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन मानव इतिहास में सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है जो सर्वाधिक खतरे के निशान से भी ऊपर है।

फलस्वरूप जलवायु परिवर्तन के वजह से होने वाली ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए हमें अपने उत्सर्जन को लगभग शून्य पर लाना होगा, और इस कार्य के लिए पूरी दुनिया को ऊर्जा क्षेत्र में बड़े और कार्यकारी बदलाव लाने होंगे, इसके अलावा जीवाश्म ईंधन के उपभोग में भारी कमी भी लानी पड़ेगी।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)
समूह संपादक : रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# कई जरूरी सवाल पर गैरजरूरी बवाल

सूर्यदीप कुशवाहा

**सवाल पर बवाल क**रते हैं,इश्क को बे-सवाल करते हैं। सवालीराम के पोटली में ढेरों सवाल भरे हैं। यह सवाल समाज में भारी हैं। लेकिन उनको पूछता कौन है। इस बात पर बुद्धजीवी मौन हैं। आज मीडिया में सवाल का गैरजरूरी कचरा फैला है। लाइव डिबेट में गैरजरूरी सवालों का गलचौउरा होता है। न्यूज टीवी डिबेट में गैरजरूरी सवालों का रायता चटखारे के साथ श्रोताओं में परोसा जाता है। मुफ्त मीडिया को स्वादिस्ट समोसा मिल जाता है। समोसा के त्रिकोण में मीडिया उलझ जाता है। जिससे उत्तरदायित्व का गणित गड़बड़ा जाता है। डिबेट में शोषण को पोषण मिल जाता है, जिससे समाज को कुपोषण हो जाता है। कुपोषित समाज क्या विश्व गुरु बना सकता है?

सवालीराम ने पूछा कि 'पूरा देश ही परिवार है तो हिंदू-मुस्लिम का क्यों वार किया जाता है? सवाल वाजीब था तो खामोशी छा गई। जाति-पाति से देश का बंटाधार, केवल हो भारतीय आधार। जरूरी सवाल का स्वागत होना चाहिए, जबकि उल्टा हाय -हाय और विरोध का सुर समझ लिया जाता है। सवाल समाज से साक्षात्कार करता है, उनकी की आलोचना करता है, विसंगतियों, अत्याचारों, मिथ्याचारों और पाखंडों का पदार्फाश करता है। बड़े साहब ने बड़ा उपकार किया। ऐसी आदत डाली कि आगे की जिंदगी में भी तरह-तरह के लोग माननीय के नीचे उधम करते रहे हैं। हरियाली बड़े साहब को जमता है, मगर गरीब खटिया पर बिन बिछोना सोता है। सवाल से जुमलाबाजी की चीर-फाड़ की जाती है, नेताओं के चौबीस घंटे वाली सेवा की पोल खोलती है। सवाल सत्ता के मुंह पर तमाचा मारती है। लोकतंत्र को बचाने वाली हर आवाज के साथ खुद को खड़ा कर सवाल करना होता है।अरे हमने तो बस सुना था कि सवाल अपने आप में बवाल है। कुछ दिनों से सवाल आम आदमी को कुरेद रहे थे। इसी से माननीय के करियर पर ह्यबैरियरह्ल लग जाता है। लोकतंत्र में पांच साल में सत्ता से मुक्ति की युक्ति जरूरी है। विपक्ष भी सवाल उठाकर ही बवाल काट सकता है। खोई कुर्सी पा सकता है।

# बच्चों पर गृहकार्य का बढ़ता दबाव

विजय गर्ग

**एक समय था** जबकि परीक्षा समाप्त होने के बाद कुछ दिनों तक सभी बच्चे दबाव मुक्त होकर अपनी छुट्टियों को बिताया करते थे। आजकल देखने में आ रहा है कि परीक्षा के दबाव से निकलते ही उनके ऊपर परीक्षा परिणाम का दबाव हावी होने लगता है। अंक कैसे आएंगे? कौन सा ग्रेड मिलेगा ? प्रवीणता सूची में नाम आएगा या नहीं? ऐसे एक-दो नहीं सैकड़ों सवाल उनके मन मष्तिष्क पर दबाव बनाने लगते हैं। इसके साथ-साथ एक दूसरी तरह का दबाव भी अपनी गिरफ्त बनाने की कोशिश करने लगा है। गर्मी की छुट्टियों के लिए बच्चों के बस्तों में इतना सारा अनावश्यक काम गृहकार्य के नाम पर ठूंस दिया जाता है कि न केवल बच्चे, बल्कि उनके माता- पिता तक भूल जाते हैं कि वे छुट्टियों का आनंद उठा रहे हैं।

मई-जून माह में होने वाली गर्मी की छुट्टियां बच्चों में अपने परिजनों से मिलने, अपने आसपास के वातावरण को देखने-समझने, देशाटन करने, बिना किसी तरह का मानसिक बोझ लेकर साथियों संग समन्वय - सामंजस्य आदि की समझ विकसित करती हैं। अब गृहकार्य के नाम पर जिस तरह का मानसिक और किताबी बोझ बच्चों पर लाद दिया जाता है, उससे बच्चे गर्मी की छुट्टियों का आनंद उठाना भूल ही गए हैं। क्या आज के बच्चे गर्मी की छुट्टियों में आम के बगीचों का आनंद ले पा रहे हैं? क्या वे ग्रामीण अंचलों में रह रहे अपने दादा-दादी, नाना-नानी अथवा अन्य रिश्तेदारों के पास जा पा रहे हैं? क्या आज के बच्चों द्वारा तालाब, नहर आदि में तैरने का मजा लिया जा रहा है? क्या वे खेतों-खलिहानों को वास्तविक रूप आत्मसात कर पा रहे हैं?

ऐसा नहीं कि गर्मी की छुट्टियों में मिलने वाला गृहकार्य आवश्यक नहीं, इसके द्वारा भी बच्चों का मानसिक और शैक्षणिक विकास होता है। छुट्टियों के दिनों में दिए गए प्रोजेक्ट द्वारा उनके भीतर कुछ न कुछ नया सीखने की ललक पैदा होती है, लेकिन बजाय इसके विद्यालयों से गृहकार्य के नाम पर पाठ्यक्रमों की पूर्ति करवाई जाने लगी है। लंबे-लंबे लिखित किताबी कार्य देकर बच्चों को चौबीस घंटे किताबों में ही घुसे रहने को मजबूर किया जा रहा है। गृहकार्य द्वारा अब न बच्चों के सामान्य ज्ञान को बढ़ाने पर ध्यान दिया जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर पोस्टर व बैनर बनवाकर छात्रों को स्वास्थय के प्रति जागरूक किया




**गन्नौर।हैप्पी चाइल्ड** इंटरनेशनल स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय की पहली कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं में हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टर व स्लोगन बनाये जिसमे मनन ,पायल , शीनम, हिमांगी , खनक , छवी , मोहित व नूरसभा प्रथम स्थान पर रहे । इसके साथ ही छात्र-छात्राओ ने स्वास्थ्य को लेकर अपने विचार सभी के सामने प्रस्तुत किये। विद्यार्थियों ने एक्ट के माध्यम से बताया कि फास्ट फूड हमारे स्वास्थ्य के लिए कितना हानिकारक है हमें उनसे परहेज करना चाहिए । स्कूल के प्रबंधक सुनील नागपाल, प्रधानाचार्या उषा मलिक ने विद्यार्थियों को बताया कि पूरे विश्व में स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को घर में बना खाना खाने के लिए प्रेरित किया और घर में बने खाने के फायदे बताए।

### चौ. देवीलाल के जीवन से प्ररेणा लेकर जनहित की बनी नीतियां : त्यागी



**गन्नौर। पूर्व उप प्रधानमंत्री** चौ. देवीलाल की पुण्यतिथि पर देवीलाल चौक पर जजपा कार्यकताओं ने हलकाध्यक्ष अनिल त्यागी के नेतृत्व में प्रतिमा की सफाई कर गंगाजल चढ़ाया। हलकाध्यक्ष त्यागी ने संबोधित करते हुए कहा कि चौ. देवीलाल की नीतियां पूरे देश के लिए प्रेरणादायक है। उनके आधार पर जनहित की नीतियां भी बनी हैं। उन्होंने बुजुर्गों को पेंशन जैसी बड़ी सौगात दी, जिसके चलते आज बुजुर्ग सम्मान के साथ अपना जीवन व्यतीत कर पा रहे हैं। इसी प्रकार से किसानों का दस हजार रुपये तक का कर्ज माफ किया था। कृषि क्षेत्र की आवश्यकता अनुसार नहरी पानी उपलब्ध कराया। प्रत्येक गांव में सड़कों को जाल बिछाया और हर सड़क को शहरों के साथ जोड़ा गया, ताकि किसान अपनी उपज को आसानी से मंडियों में ला सके और उनकी सुविधा के लिए ट्रैक्टरों का टोकन टैक्स भी समाप्त किया। वरिष्ठ नेता भानेराम ने कहा कि उनके दिखाए मार्ग का हमें अनुसरण करना चाहिए। चौ. देवीलाल ने जनहित में जो नीतियां बनाई थी। उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आचार संहिता की वजह से बसंत विहार एक्सटेंशन में गलियों निर्माण का कार्य अटका



**गन्नौर। शहर की** हाल ही में नियमित हुई बसंत विहार एक्सटेंशन में गलियों निर्माण का कार्य अटक गया है। आचार संहिता लगने के बाद वजह से गलियों का निर्माण की प्रक्रिया अब रुक गई है। नगरपालिका द्वारा बसंत विहार एस्टेंशन में 1 करोड 26 लाख 54 हजार रुपये की लागत से गलियों का निर्माण किया जाना है। इसके लिए नगरपालिका द्वारा टेंडर भी लगाया गया था, लेकिन किसी भी एजेंसी ने टेंडर में रूची नही दिखाई। जिसके बाद नगरपालिका को टेंडर को रिकाल करना पड़ा, लेकिन आचार संहिता लगने की वजह से अब नगरपालिका ने टेंडर प्रकिया पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। ऐसे में बसंत विहार एक्सटेंशन में गलियों का निर्माण नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि शहर की बीचों बीच बसी बसंत विहार एक्सटेंशन हाल ही में नियमित की गई थी।

# समालखा मंडी में पहुंचा 100 क्विंटल गेहूं, नमी ज्यादा होने पर नहीं हुई खरीद

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**शनिवार को समालखा** अनाज मंडी में भी गेहूं की तीन ढेरियां यानि करीब एक सौ किवंटल गेहूं पहुंचा, लेकिन गेहूं में नमी ज्यादा होने की वजह से खरीद नहीं हो सकी। उधर जिला के अतिरिक्त उपायुक्त डां पंकज यादव गेहूं खरीद की तैयारियों का जायजा लेने समालखा मंडी में पहुंचे। उन्होंने एसडीएम अमित कुमार व मार्किट कमेटी सचिव सविता जैन व मंडी सुपरवाइजर संदीप के साथ मंडी में सरसों व गेहूं की फसल खरीद की तैयारियों के अलावा शौचालय,साफ सफाई से लेकर पीने के पानी की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। एडीसी ने मौके पर खड़े किसानों व आढ़तियों से भी बात की।



पत्रकारों से बातचीत करते हुए एडीसी डॉ पंकज ने स्वीकार किया कि ई खरीद पोर्टल को लेकर किसानों को फसल बेचने में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि पोर्टल का काम देख रहे अधिकारियों पर एरिया अधिक होने से फसल मिस मैच की दिक्कत आ रही है लेकिन सोमवार दोपहर तक पोर्टल की सारी दिक्कतों का समाधान कर दिया जाएगा। 10 एकड़ से ज्यादा फसल बेचने वालों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने किसानों से भी अपील की है कि वे एसडीएम के माध्यम से अप्लाई करें। इससे पहले उन्होंने एसडीएम ओर मार्किट कमेटी अधिकारियों के साथ सबसे पहले मंडी के गेट पर पहुंचते ही गेटपास काटने वाले कर्मचारियों से पूछताछ की ओर उन्हें मंडी में फसल लेकर आये किसान के सामने ही उसकी फसल व मंडी में खाली करने के बाद ट्राली का कांटे पर तौल जरूर करें,ताकि उसको पता चल सके कि वह कितनी फसल लेकर आया है। इसके अलावा उन्होंने शौचालय की साफ-सफाई व पीने के पानी की व्यवस्था का जायजा लिया। एडीसी ने सरसों से भरे कट्टों का तौल भी करवाया। उन्होंने मंडी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में गेहूं खरीद को लेकर किसानों को कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। इस मौके पर मंडी प्रधान बलजीत सिंह रूहल व हैफेड के मैनेजर आजाद सिंह भी मौजूद रहे।

# मतदान करना मतदाता का अधिकारः उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने युवा मतदाताओं का आह्वान किया कि वे 25 मई को होने वाले प्रदेश में लोकसभा के आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव में मत अधिकार का प्रयोग करें। जब हम दूसरे अधिकारों को पाने के लिए संघर्ष करते हैं तो मतदान के अधिकार का प्रयोग करने में क्यों संकोच करते हैं? चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। उपायुक्त ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है,

इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए, विशेषकर युवा मतदाताओं को। उनका कहना था कि हमारे देश में युवाओं की संख्या भी अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र के पर्व में वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर मतदाताओं को कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं आता है तो वह मतदान करने से वंचित न रहे बल्कि पोलिंग बूथ पर जाकर नोटा को वोट कर सकते हैं।

### श्री घण्टाकर्ण मासिक श्रद्धालु संगम आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। इन्द्री** रोड़ स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान पर प्रत्येक महीने के कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर हर बार की भांति मासिक श्रद्धालु संगम का विशेष भक्तिमय आयोजन 7 अप्रैल को भारत संत गौरव सर्व धर्म दिवाकर श्री पीयूष मुनि जी महाराज एवं शान्तमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराजइ की पावन नेश्राय में उत्साह एवं भक्तिपूर्वक आयोजित किया जा रहा है। श्री घंटाकर्ण जी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के शासनरक्षक देव एवं तन्त्र-मन्त्र-यन्त्र की साधना को सफल करने वाले अलौकिक शक्ति सम्पन्न देव हैं।

# श्री बालाजी जन्मोत्सव के लिए सीएम को दिया निमंत्रण

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः कुंडली श्री अग्रसेन** धाम समिति की प्रांतीय संयोजक एवं महिला आयोग हरियाणा की वाइस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल के सहयोग से संस्था के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने धाम पर 21 अप्रैल को आयोजित हो रहे श्री बालाजी जन्मोत्सव महाकुंभ के लिए दिल्ली हरियाणा निवास में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विधिवत निमंत्रण दिया एवं उनको मुख्यमंत्री बनने की हार्दिक शुभकामनाएं भी भेंट की । अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को बताया कि श्री अग्रसेन धाम कुंडली माता महालक्ष्मी व श्री सालासर बालाजी महाराज की अपार अनुकंपा का पवित्र धाम है जहां पर श्री सालासर बालाजी



महाराज की वरदान मनोकामना सिद्ध अखंड ज्योत जगती है । उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रार्थना की, कि हरियाणा प्रदेश की खुशी के लिए वह भी श्री बालाजी जन्मोत्सव में मुख्य भगत शिरोमणि के रूप में शामिल होकर श्री बालाजी महाराज की पूजा अर्चना करें । मुख्यमंत्री सैनी ने सहर्ष आमंत्रण स्वीकार करते हुए आने का आश्वासन दिया । अग्रवाल ने बताया कि भगवान श्री राम की कृपा महिमा से श्री बालाजी जन्मोत्सव महाकुंभ में हजारों भक्त शामिल होकर भगवान श्री राम व संकट मोचन श्री बालाजी हनुमान जी की विशेष पूजा एवं महाभिषेक करेंगे। उन्होंने बताया कि पूज्य संतों के आशीर्वाद से बालाजी महाराज के भक्त रमन जी के सानिध्य में संपूर्ण अनुष्ठान उत्सव होगा।

हजारों ध्वज के साथ पालकी में विराजमान करके भगवान श्री राम भक्त हनुमान की जय घोष से पूरा जीटी रोड गूंज उठेगा।

**पवित्र धाम**

**8 श्री अग्रसेन धाम कुंडली माता महालक्ष्मी व श्री सालासर बालाजी महाराज की अपार अनुकंपा का पवित्र धाम है**

### आदर्श कॉलोनी में करवाया बाबा श्याम का जागरण



**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्रगढ़**

**शहर में रेलवे स्टेशन** के नजदीक स्थित आदर्श कॉलोनी में बसईवाला परिवार की तरफ से शुक्रवार रात एकादशी के अवसर पर श्याम प्रिय गुरू फतेहचंद वशिष्ठ के सानिध्य में बाबा श्याम के जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान भवानी शंकर बसई वाले सपरिवार उपस्थित रहे। जागरण का शुभारंभ श्याम प्रिय फतेहचंद वशिष्ठ ने सरस्वती वंदन विनती है मां सुनो, वीणावादिनी मां, भजन गाकर किया। इसके बाद उन्होंने जली जली रे जोतिया जली रे, लगा श्याम दरबार, भजन से बाबा श्याम के जागरण का आगाज किया। इसके बाद मुरारीलाल अग्रवाल ने कीर्तन की है रात बाबा आज थानै आनों है भजन से माहौल को भक्तिमय बना दिया। जागरण में सतीश श्रवण एंड पार्टी के कलाकारों ने देर रात तक बाबा श्याम के भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को खूब झूमाया। दरबार की सजावट व बाबा श्याम का श्रृंगार मोनू पंसारी द्वारा किया गया। इस दौरान भारतभूषण व सुनील निंबेडिया द्वारा श्याम प्रिय गुरूजी फतेहचंद वशिष्ठ का पटका व लोई ओढ़कर सम्मान किया गया।

# मंत्री असीम ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मनाया स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः 6 अप्रैल 1980** को बनी भारतीय जनता पार्टी अपना स्थापना दिवस देशभर में धूमधाम के साथ मना रही है। इसी कड़ी में अंबाला शहर में हरियाणा के परिवहन व महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल ने अपने निवास पर कार्यकर्ताओं व भाजपा पार्षदों के साथ पार्टी का झंडा फहराकर स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर परिवहन मंत्री असीम गोयल ने अपने निवास पर



भाजपा का झंडा फहराने के बाद सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई दी। वहीं मीडिया से बात करते हुए मंत्री असीम गोयल ने कहा कि यह कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। 6 अप्रैल 1980 को जनसंघ के बाद भाजपा की स्थापना हुई और आज यह पार्टी 18 करोड़ सदस्यों वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि यह हमारे नेताओं का समर्पण,विचारों के प्रति हमारी दृढ़ता और कार्यकताओं के संघर्ष का नतीजा है। इस दौरान परिवहन मंत्री असीम गोयल ने पार्टी के करोड़ों कार्यकताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। भाजपा के स्थापना दिवस के मौके पर परिवहन मंत्री असीम गोयल ने विपक्ष पर भी तंज कसे। पत्रकारों द्वारा 400 पार के लक्ष्य को लेकर पूछे गये सवालों के जवाब देते हुए मंत्री असीम गोयल ने कहा कि 2014 में यूपीए के कुशासन के बाद 282 सीटें हमारी आई थी। 2019 में हमारी सीटें बढ़कर 303 हो गई और अब भी विपक्ष मोदी की मजबूती से डरा हुआ है। यही कारण है कि पूरा विपक्ष एक हो गया है। परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कहा कि जो विपक्षी एक दूसरे को पानी पी पी कर कोसते थे वो सब एक हैं। जिससे साफ है कि प्रधानमंत्री मोदी काफी मजबूत स्थिति में हैं। असीम गोयल ने कहा कि इस बार एनडीए के नाते हम 400 पार जरूर करेंगे।

# रेलवे स्टेशन पर लोगों को किया नशे के विरुद्ध जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा निरंतर इस कार्य में जुटे हुए हैं।आज रेलवे स्टेशन कुरुक्षेत्र में उपस्थित लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी चाहते हैं कि हमारे बच्चे नशे से दूर रहे। कुछ व्यक्ति जो स्वयं नशा करते हैं वे भी नहीं चाहते कि उनके बच्चे नशा न करें लेकिन नशा परोसने वाले व्यक्ति यह कदापि नहीं सोचते कि दूसरे के बच्चे भी हमारे बच्चों जैसे हैं। प्रत्येक माता पिता का कर्तव्य बनता है कि वे अपने बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करें क्योंकि कई बार बच्चों को समय न देने के कारन वे कुसंग में पड़ जाते हैं। माता पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों के शयनकक्ष का समय समय पर निरीक्षण करते रहे ताकि बच्चों के पास कोई आपत्तिजनक वस्तु मिलने पर उसे प्यार से समझाया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि आज एक और नशे के कारण सबसे अधिक पीड़ित नारी शक्ति है तो दूसरी और वही नारी शक्ति न केवल नशे के व्यापार में सहभागिता करती है अपितु स्वयं भी नशे के सेवन में पीछे नहीं है। यह अति चिंता का विषय है। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विस्तार पूर्वक नशे के प्रवेश और निगमन बारे लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति यह नहीं चाहता कि उसकी संतान किसी भी प्रकार का नशा करे लेकिन नशे के तस्कर युवाओं को नशे का आदि बना रहे हैं।

### 'मतदाता सूची में नाम की पुष्टि कर लें मतदाता'

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि 25 मई को प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव के लिए मतदान होना है। लोकतंत्र के इस पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर ले कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नहीं। क्योंकि जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल होगा, केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। उन्होंने बताया कि जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है।

# फोन और बातों में फंसा कर युवती से ठगे 50 हजार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः अंबाला में** युवती को फोन पर बातों में फंसा शातिर ठग ने 50 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। ठग ने पहले युवती के पास कॉल करके बोला कि आपके पिता जी के 15 हजार रुपए ट्रांसफर करने हैं। यहीं से सिलसिला शुरू हुआ और युवती से बार-बार ट्रांजेक्शन करा खाता खाली कर दिया।अंबाला कैंट के चंद्रपुरी मच्छौंडा निवासी आरती ने बताया कि उसका यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में बचत खाता है। 8 फरवरी को मनोज नाम के शातिर ठग ने उसके पास कॉल की और बोला कि आप सीता राम जी की



बेटी हो? आपके पिता जी ने आपके खाते में 15 हजार रुपए ट्रांसफर करने को कहा है।ठग बोला-गलती से 50 हजार ट्रांसफर हो गएआरती ने बताया कि शातिर ठग ने पहले तो उसके गूगल-पे पर 10 हजार रुपए ट्रांसफर किए, उसके बाद 5 हजार रुपए ट्रांसफर करने की बात कही। दूसरे नंबर पर उसकी ठग से बातचीत होती रही। मेरे जो पैसे गलती से आपके खाते में ट्रांसफर हुए हैं, उस रकम को दोबारा भेज दें। उसने शातिर ठग की बातों में फंस पहले 20 हजार रुपए ट्रांसफर किए। उसके बाद फिर 25 हजार और आखिरी में 5 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए।शाम तक उसका खाता खाली हो गरररया। युवती ने बताया कि उसी समय उसका मोबाइल भी रिसेट हो गया, जिसकी वजह से ठग का मोबाइल भी डिलीट हो गया। खुद के साथ हुए फ्रॉड के बाद युवती ने पड़ाव थाना पुलिस को शिकायत सौंपी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आईएपी ने ऑटिज्म पर जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान शुरू किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः इंडियन एकेडमी** ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) के सदस्य एवं वीआईवीई के अध्यक्ष डा. सतीश शर्मा ने कहा कि आईएपी गर्व से बाल स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों से निपटने के उद्देश्य से राष्ट्व्यापी अभियान, आईएपी की बात, कम्युनिटी के साथ की शुरूआत की घोषणा करता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 व 2025 के लिए कार्य योजना में उल्लिखित उद्देश्यों के अनुरूप, यह पहल समुदायों को शामिल करने और दो साल की अवधि में बाल स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रसारित करने का प्रयास करती है। वे जी टी रोड स्थित रेस्तरा में आईएपी के कार्यक्रम में बोल रहे थे। डा. शर्मा ने कहा कि इंडियन




एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के सदस्य एवं मित्तल नर्सिंग होम के बाल रोग विशेषज्ञ डा. एन के मित्तल मुहिम को आगे बढ़ाने में पूरा सहयोग कर रहे है। शर्मा ने बताया कि आईएपी मोटापा, खसरा, ऑटिज्म, डाउन सिंड्रोम और थैलेसीमिया सहित विषयों पर ध्यान केंद्रित करके, आईएपी का लक्ष्य सभी के लिए सुलभ और प्रासंगिक जानकारी सुनिश्चित करना है, जिससे सामाजिक कल्याण में योगदान हो सके। आईएपी के सदस्य डा. मित्तल ने बताया कि डॉ. जीवी बसवराज, राष्ट्रीय आईएपी अध्यक्ष अभियान के महत्व पर जोर दे रहे है कि हमारा मिशन बाल स्वास्थ्य मुद्दों पर व्यापक ज्ञान के साथ समुदायों को सशक्त बनाना है। इस अभियान के माध्यम से हमारा लक्ष्य जागरूकता और कार्रवाई के बीच के अंतर को कम करना है, जिससे हमारे बच्चों के लिए स्वस्थ और खुशहाल भविष्य को बढ़ावा मिलेगा। विश्व ऑटिज्म दिवस के उपलक्ष्य को लेकर डॉ. वसंत खलटकर, ने बताया कि प्रभावित व्यक्तियों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए ऑटिज्म जागरूकता और शीघ्र हस्तक्षेप सर्वोपरि है। हमारा अभियान समुदायों को ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों को मानने और पहचानने के लिए शिक्षित और सशक्त बनाना चाहता है। ऑटिज्म के लिए आईएपी की कार्य योजना अभियान के मुख्य उद्देश्यों को समाहित करती है, जिसमें आम जनता के बीच ऑटिज्म जागरूकता पर ध्यान केंद्रित करना, उचित हस्तक्षेप को बढ़ावा देना, स्वस्थ जीवन शैली प्रथाओं को प्रोत्साहित करना, व्यापक मूल्यांकन का समर्थन करना और ऑटिज्म से जुड़े मिथकों को उजागर करना शामिल है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों को पहचानने और उन्हें सशक्त बनाने में हमारे साथ जुड़ें और एक अधिक समावेशी और सहायक समाज का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि अभियान के संयोजक डा. जेसन उन्नी के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम, सदस्य डा. समीर दलवई, डा.लीना श्रीवास्तव, डा.सांभवी सेठ, डा.जफर मीनाई और डा.कंवलजीत सिंह मुल्तानी आदि डाक्टरों के साथ वैज्ञानिक समिति भी शामिल है।

# योग गुरू दिनेश गुलाटी ने अमृतसर में लहराया योग का परचम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जेसीआई एलुमनी** क्लब के परंपरा कार्यक्रम के अधीन अमृतसर में एकत्र हुए जेसीआई एलुमनी क्लब के देशभर के सदस्यों के लिए योग शिविर का इंतजाम किया गया। शिविर में जोन 10 के योग गुरु दिनेश गुलाटी जो कि संस्था के सदस्य भी हैं, ने बताया कि अपने पंजाब प्रवास के दौरान होटल रमाडा में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने वहां मौजूद देशभर से आए हुए जेसिस साथियों को योग



सिखाते हुए उसके लाभ बताए। शिविर में जेसीआइ एलुमनी क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंबु, जेसीआई के राष्ट्रीय निदेशक शेले चौधरी, जेसीआई एलुमनी जोन 1 के चेयरमैन विनीत बंसल, जेसीआई एलुमनी क्लब 10 के चेयरमैन नीरज मेहता, वाइस चेयरमैन नन्दन चावला, वाइस चेयरमैन कुलभूषण नारंग, विशेष रूप से

# सीबीआई ने कोर्ट में सही तथ्यों को नहीं रखा होगा: के. कविता



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित तेलंगाना के पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता ने तिहाड़ में उनसे पूछताछ करने के लिए सीबीआई को अदालत की मंजूरी के खिलाफ याचिका दायर की। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कविता के अधिवक्ता की दलीलें सुनने के बाद सीबीआई को याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए 10 अप्रैल तक का समय दिया। याचिका में कविता ने आबकारी नीति मामले में तिहाड़ जेल में उनसे पूछताछ करने की सीबीआई को दी गई अनुमति का विरोध किया था।

**सीबीआई ने कानूनी प्रक्रिया को किया विफल: के. कविता**

कविता ने कहा कि सीबीआई ने उनके पीठ पीछे याचिका दायर कर उचित कानूनी प्रक्रिया को विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें गंभीर आशंका है कि अदालत से अनुकूल आदेश प्राप्त करने के लिए सीबीआई ने सही तथ्यों को नहीं उजागर किया होगा। कविता के अधिवक्ता ने कहा कि यह बेहद निराशाजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिरासत में रहते हुए उनके मुवक्किल की जांच के लिए सीबीआइ द्वारा एक आवेदन दायर किया गया है, जिसकी प्रति तक उन्हें नहीं दी गई है। ऐसी प्रथा आपराधिक न्यायशास्त्र के बुनियादी सिद्धांतों के लिए अज्ञात है और इस प्रकार कानून की नजर में इसे कायम नहीं रखा जा सकता है।

**याचिका**

**8 के. कविता ने पूछताछ करने के लिए सीबीआई को अदालत की मंजूरी के खिलाफ याचिका दायर की**

**पक्ष सुनने तक आदेश स्थगित रखने की मांग:**

उन्होंने याचिका में अनुरोध किया कि अदालत उनका पक्ष सुने जाने तक अपना आदेश स्थगित रखे। मामले में आगे की सुनवाई 10 अप्रैल को होगी।

शुक्रवार को अदालत ने सीबीआई की पूछताछ की याचिका पर अनुमति दी थी जांच एजेंसी आने वाले सप्ताह के किसी भी दिन तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत के दौरान के. कविता से पूछताछ कर सकती है। सीबीआई ने अपने आवेदन के माध्यम से, बुची बाबू के फोन से बरामद वाट्सएप चैट और भूमि सौदे के पोस्ट के दस्तावेजों के संबंध में के कविता से पूछताछ करने और बयान दर्ज करने की अदालत से अनुमति मांगी थी।

# जेल में 'आप' सांसद संजय का वजन छह किलो बढ़ा

## संजय सिंह का वजन करीब छह किलोग्राम बढ़ा है, जबकि बीपी कम हो गया, आप सांसद तीन अप्रैल को 181 दिन बाद तिहाड़ जेल से बाहर आए

**रिपोर्ट**

**8 जमानत मिलने के दो दिन बाद सांसद ने आरोप लगाया कि असली घोटाला ईडी की जांच के बाद शुरू हुआ**




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आप सांसद संजय सिंह तीन अप्रैल को 181 दिन बाद तिहाड़ जेल से बाहर आ गए। उन्हें बुधवार रात साढ़े आठ बजे रिहा किया गया। जिसके बाद से संजय सिंह लगातार भाजपा पर हमलावर हैं। आप सांसद संजय सिंह ने शराब घोटाले को भाजपा की देन करार दिया है। जमानत मिलने के दो दिन बाद शुक्रवार को सांसद ने आरोप लगाया कि असली घोटाला ईडी की जांच के बाद शुरू हुआ। उधर, तिहाड़ जेल प्रशासन ने दावा किया है कि जेल में रहने के दौरान आप सांसद संजय सिंह का वजन बढ़ा है। तिहाड़ जेल प्रशासन की रिपोर्ट में बताया गया है कि 13 अक्टूबर 2023 को जब संजय सिंह जेल पहुंचे थे तो उनका वजन 76 किलो था। जब वह जेल से बाहर निकले तो उनका वजन 82 किलोग्राम था। इसी तरह उनका ब्लड प्रेशर जो पहले 153/103 रहता था घटकर 136/70 हो गया। तिहाड़ जेल में करीब छह महीने रहने के दौरान संजय सिंह का वजन करीब छह किलोग्राम बढ़ा है, जबकि बीपी कम हो गया।

**शराब घोटाले में शामिल हैं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के लोग:** प्रेस कॉन्फ्रेंस कर संजय सिंह ने कहा कि शराब घाटाले में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के लोग शामिल हैं और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को साजिश के तहत जेल भेजा गया। इसके पीछे आप को खत्म करने और इलेक्टोरल बॉन्ड में भाजपा की सामने आई असलियत को दबाने की मंशा है। पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में संजय सिंह ने दावा किया कि शराब घोटाले के आरोपी शरथ रेड्डी ने 15 नवंबर, 2022 को भाजपा को पांच करोड़ रुपये दिए। भाजपा जिस शरथ रेड्डी को किंगपिन बताती थी, उसने गिरफ्तारी के बाद भाजपा को 55 करोड़ रुपये की रिश्वत दी। सुप्रीम कोर्ट की वजह से भाजपा का मनी ट्रेल भी सामने आ गया।

## अगर ईडी स्वतंत्र एजेंसी है तो मेरे 5 सवालों का दें जवाब: आतिशी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया और ईडी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने ईडी से पांच सवाल भी पूछे हैं। उन्होंने कहा- 2 साल से ईडी तथाकथित शराब घोटाले की जांच कर रही है। मनी ट्रेल ढूंढ रही है, लेकिन आप के किसी भी नेता से 1 की मनी ट्रेल नहीं मिली। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बार बार ईडी से पूछा कि मनीष सिसोदिया और संजय सिंह से जुड़ी मनी ट्रेल कहां हैं? ईडी के पास कोई जवाब नहीं था। तभी सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जिस 100 करोड़ के मनी ट्रेल की बात ईडी कर रही है। वो संदेहास्पद है, इस मनी ट्रेल को साबित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि ईडी अगर सही मायने में एक स्वतंत्र एजेंसी है तो

**इन 5 सवालों का जवाब दे:** शराब घोटाले में मनी ट्रेल का पुख्ता सबूत मिले 16 दिन बीत गए। 55 करोड़ का मनी ट्रेल शराब कारोबारियों से भाजपा तक जाता है। ईडी ने इसकी क्या जांच की है?

2 साल से आप के किसी भी नेता पर मनी ट्रेल के एक पैसे का सबूत नहीं मिला। मनी ट्रेल शराब कारोबारियों से सीधे भाजपा को जाता है। ऐसे में ईडी शराब घोटाले में भाजपा को आरोपी कब बनाएगी?

घोटालेबाज शरथ रेड्डी से 55 करोड़ लेने के लिए ईडी अब बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा को कब समन करेगी? कब रेड डालेगी? उन्हें गिरफ़्तार कब करेगी?

आज शराब घोटाले में आरोपी श्रीनिवासुलु रेड्डी भाजपा के एनडीए एलायंस टीडीपी से चुनाव लड़ रहे हैं; ईडी इस बात कि जांच क्यों नहीं कर रही कि इस शराब कारोबारी ने चुनाव लड़ने के लिए टीडीपी को कितने पैसे दिए है?

एनडीए के पक्ष से लड़ने के लिए शराब घोटाले में आरोपी रेड्डी के पास पैसा कहां से आया है और कहां खर्च हो रहा है?

# बच्चा चोरी गैंग का खुलासा, कई लोग हिरासत में

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सीबीआई की टीम बाल तस्करी मामले का पदार्फाश किया है। सीबीआई की टीम ने केशवपुरम इलाके में ताबड़तोड़ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने एक घर से दो नवजात शिशु बरामद किए हैं। मामला खरीद-फरोख्त से जुड़ा है। बाल तस्करी के मामले में दिल्ली में सीबीआई ने शुक्रवार देर रात कई जगहों पर छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान सीबीआई की टीम ने केशवपुरम के एक घर से दो नवजात शिशुओं का



रेस्क्यू किया है। सीबीआई इस मामले में बच्चों को बेचने वाली महिला और उन्हें खरीदने वाले शख्स से पूछताछ कर रही है। सीबीआई ने एक महिला समेत कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ चल रही है। शुरूआती जानकारी में यह सामने आया है कि मानव तस्करी करने वाले इस गैंग के सदस्य अस्पतालों से नवजात बच्चों की चोरी करते थे। सीबीआई ने इस मामले में सात से आठ बच्चों का रेस्क्यू किया है, हालांकि अभी आधिकारिक बयान नहीं आया है।

**सनसनीखेज**


**8 मानव तस्करी करने वाले इस गैंग के सदस्य अस्पतालों से नवजात बच्चों की चोरी करते थे**

# मनीष सिसोदिया को नहीं मिली कोर्ट से राहत

## 18 अप्रैल तक फिर बढ़ी न्यायिक हिरासत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित मनीष सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक बार फिर झटका दिया है। अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार करते हुए उनकी न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी है। आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में पिछली सुनवाई तीन अप्रैल को हुई थी। तब राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई छह अप्रैल तक के लिए टाल दी थी। याचिका पर सुनवाई के दौरान सिसोदिया की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा था कि उनके मुवक्किल को हिरासत में रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। अधिवक्ता ने कहा कि मनी लांड्रिंग मामले में उनके मुवक्किल के खिलाफ जांच पहले ही पूरी हो चुकी है और उनके द्वारा जांच में बाधा डालने या सुबूत नष्ट करने की कोई संभावना नहीं है। सिसोदिया फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।



**सुनवाई**

**8 आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में पिछली सुनवाई तीन अप्रैल को हुई थी**

**शुक्रवार को सामने आया था सिसोदिया का जेल से लिखा लेटर:** शुक्रवार को आम आदमी पार्टी ने मनीष सिसोदिया का एक लेटर जारी किया था, जो उन्होंने कोर्ट से लिखा था। यह चिट्ठी उन्होंने अपने विधानसभा के क्षेत्रवासियों के नाम लिखी थी। इस भावुक खत में सिसोदिया ने अपने क्षेत्रवासियों को जल्द बाहर मिलने की बात लिखी थी। इसके साथ ही उन्होंने लोगों का धन्यवाद दिया था कि उनकी अनुपस्थिति में लोगों ने पत्नी सीमा का बहुत खयाल रखा।

# जीटी रोड पर कार से स्टंट करने वाले शख्स का कटा 12 हजार रुपये का चालान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शास्त्री पार्क इलाके में जीटी रोड पर दौड़ते वाहनों के बीच कार से स्टंट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया। पुलिस तलाशते हुए कार चालक युवक तक पहुंच गई और मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न प्रविधानों के तहत उसका 12 हजार रुपये का चालान कर दिया। युवक अंशुल चौधरी (22) गाजियाबाद के कौशांबी इलाके में हसनपुर भोवापुर गांव में रहता है। प्रसिद्धि पाने के लिए उसने स्टंट ड्राइविंग का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर अपलोड किया था, जो प्रसारित होता हुआ पुलिस तक पहुंच गया और कार्रवाई की गई।

**पुलिस ने किया मजेदार पोस्ट:** कार के शीशों पर काली फिल्म चढ़ी हुई थी, जिसे पुलिस ने उतार दिया। उसकी फैंसी नंबर प्लेट को भी हटा दिया गया है। कार्रवाई के बाद दिल्ली पुलिस ने एक वीडियो एक्स पर पोस्ट किया, जिस पर लिखा कि गाड़ी चलाई जिग-जैग, अब देखो कानून का स्वैग।

**कार सड़क पर विपरीत दिशा में चलती दिखी:** उत्तर पूर्वी जिला डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि बुधवार को जीटी रोड पर युधिष्ठिर ब्रिज के पास काले रंग की



महिंद्रा स्कार्पियो एसयूवी कार से स्टंट का वीडियो एक्स पर प्रसारित हो रहा था। इस वीडियो में कार सड़क पर विपरीत दिशा में चलती दिखी। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेकर तलाशी शुरू की उत्तर पूर्वी जिला पुलिस की इंटरनेट मीडिया टीम ने संज्ञान लेते हुए कार की तलाश शुरू कर दी। एक अन्य वीडियो मिला जिसमें कार दूसरी सड़क पर लहराते हुए नजर आई। काफी कोशिश के बाद पुलिस टीम ने कार को ढूंढ निकाला, जिसे युवक अंशुल चौधरी चला रहा था। टीम युवक और उसकी कार को शास्त्री पार्क पुलिस थाने लेकर आई थी।

**कार्रवाई**

**8 शीशों पर काली फिल्म चढ़ाकर रखने, फैंसी नंबर प्लेट लगाने के आरोप में युवक पर चालान किया गया**

**युवक पर 12 हजार रुपये चालान:** वहां दिल्ली यातायात पुलिस के मधु विहार सर्कल के क्षेत्रीय अधिकारी को बुलाकर कार का निरीक्षण कराया गया। उसके बाद मोटर वाहन अधिनियम के तहत गलत तरीके से कार चलाने, शीशों पर काली फिल्म चढ़ाकर रखने और फैंसी नंबर प्लेट लगाने के आरोप में युवक पर 12 हजार रुपये चालान किया गया। शीशों से काली फिल्म भी हटाई गई।

# चिलचिलाती धूप से लोग हुए बेहाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: अप्रैल महीना** शुरू होते ही सूरज की तपिश भी बढ़ गई है। दोपहर में हो रही तेज धूप लोगों के पसीने छुड़ा रही है, हालांकि साथ में चलने वाली हवा कुछ राहत जरूर दे रही है। मौसम विभाग का अनुमान है कि यह गर्मी आने वाले हफ्ते में और बढ़ सकती है। मौसम विभाग के अलर्ट के अनुसार शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के लिए सामान्य है। वहीं सुबह 8.30 बजे आर्द्रता 46 फीसदी रही। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिन के दौरान तेज सतही हवाएं चलने का अनुमान लगाया था, जो सही साबित



हुआ है। जबकि अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी आकाश साफ रहेगा। 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। अगले सप्ताह 40 डिग्री तक पहुंच सकता है पारा अगले हफ्ते झुलसा देने वाली गर्मी पड़ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 10 अप्रैल को दिल्ली में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचने की **संभावना है।**

# छेड़छाड़: आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ होगी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने यौन उत्पीड़न के आरोपी मेडिकल कॉलेज के सहायक प्रोफेसर को तत्काल निलंबित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। शनिवार को राजनिवास के अधिकारियो ने इसकी जानकारी दी। मामला दिल्ली सरकार द्वारा संचालित डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर मेडिकल कॉलेज का है। मार्च में 22 वर्षीय एमबीबीएस छात्रा द्वारा प्रोफेसर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सहायक प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस ने मामले में आरोप पत्र भी दायर किया था।

# एडमिशन: दाखिले के लिए कल से शुरू होंगे आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी के सरकारी स्कूलों में नान प्लान दाखिला के तहत छठवीं से नौवीं तक की कक्षाओं में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया आठ अप्रैल से शुरू होगी। शिक्षा निदेशालय के अधिकारी ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया तीन चरणों में चलेगी। पहले चरण के तहत आवेदन प्रक्रिया आठ अप्रैल से शुरू होकर 17 अप्रैल तक चलेगी। 29 अप्रैल को विद्यार्थियों को आवंटित स्कूलों की सूची जारी होगी। 30 अप्रैल को विद्यार्थियों को आवंटित स्कूलों में दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा। दूसरे चरण के तहत आवेदन प्रक्रिया 15 मई से शुरू होकर 15 जून तक चलेगी।



**विद्यार्थियों को आवंटित स्कूलों की सूची जारी:** 27 जून को विद्यार्थियों को आवंटित स्कूलों की सूची जारी होगी और 28 जून से छह जुलाई तक विद्यार्थी आवंटित स्कूलों में पहुंचकर दस्तावेजों का सत्यापन करा सकते हैं। 10 जुलाई से 31 जुलाई तक को तीसरे चरण के तहत विद्यार्थी दाखिले के लिए आवेदन कर सकेंगे।

**ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करना होगा**

12 अगस्त को दाखिले के लिए आवंटित स्कूलों की सूची जारी होगी और 13 अगस्त से 31 अगस्त तक विद्यार्थियों को दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा।

**सत्यापन**

**8 पहले चरण के तहत आवेदन प्रक्रिया आठ अप्रैल से शुरू होकर 17 अप्रैल तक चलेगी**

दाखिले के लिए अभिभावकों को ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करना होगा। हालांकि, अगर अभिभावकों को फार्म भरने में कोई समस्या होती है तो उनके लिए स्कूलों में हेल्प डेस्क स्थापित किया जाएगा जहां पर वो फार्म भरने को लेकर मदद ले सकते हैं।

# मल्लिकार्जुन खरगे तय करेंगे दिल्ली से कांग्रेस के तीन प्रत्याशी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) से गठबंधन में मिली सिर्फ तीन लोकसभा सीटों पर भी कांग्रेस के पसीने छूट रहे हैं। कई बैठकें करने के बावजूद पार्टी इन सीटों से प्रत्याशियों के नाम तय नहीं कर पा रही है। आलम यह है कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक भी बेनतीजा रही।

**खरगे लेंगे अंतिम फैसला:** अब अंतिम निर्णय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर छोड़ दिया है। गौरतलब है कि दिल्ली में सातों लोकसभा सीटों पर आप-कांग्रेस गठबंधन में चुनाव लड़ रही हैं। चार सीटें आप के पास हैं, जबकि तीन कांग्रेस को मिली हैं। दिलचस्प यह कि आप अपने चारों उम्मीदवार करीब महीना भर पहले



ही घोषित कर चुकी है। भाजपा ने भी अपने सातों प्रत्याशियों के नाम पखवाड़े भर से ज्यादा समय पहले घोषित कर दिए हैं, लेकिन कांग्रेस तीन उम्मीदवार भी तय नहीं कर पा रही है। प्रदेश कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी आधा दर्जन से अधिक बैठकें कर चुकी है। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की भी कई बैठकें हो चुकी हैं। एक बार फिर सीईसी की बैठक हुई, लेकिन नामों पर सहमति नहीं बनी।

**कमेटी ने भेजे थे ये नाम:** पार्टी सूत्र बताते हैं कि प्रदेश कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की ओर से उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, चांदनी चौक से पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल और उत्तर पश्चिमी दिल्ली से पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान का नाम प्रस्तावित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली और प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया भी इन्हें ही अपना समर्थन दे रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल उत्तर पश्चिमी सीट से पूर्व सांसद उदित राज एवं चांदनी चौक से महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा की वकालत कर रहे हैं।

**असमंजस**

**8 आप-कांग्रेस गठबंधन में चुनाव लड़ रही हैं। चार सीटें आप के पास हैं, जबकि तीन कांग्रेस को मिली**

**कन्हैया कुमार को लेकर भी चर्चा:** इसी तरह उत्तर पूर्वी सीट पर भी कुछ नेता कन्हैया कुमार के नाम की पैरवी कर रहे हैं। इसीलिए कोई सहमति नहीं बन पाई। प्रदेश कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि कन्हैया कुमार का नाम टुकड़े टुकड़े गैंग से जुड़ा रहा है, इसलिए उत्तर पूर्वी दिल्ली से उन्हें उतारना सही नहीं होगा।

इसी तरह उत्तर पश्चिमी सीट पर उदित राज के प्रति भी कोई सकारात्मक माहौल नहीं है, जबकि चांदनी चौक सीट पर पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल ही भाजपा उम्मीदवार को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। ऐसे में इन सभी समीकरणों के मद्देनजर अंतिम फैसला अब खरगे पर छोड़ दिया है।

# नसीरपुर में खिलौने की तीन मंजिला फैक्टरी में भीषण आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: द्वारका** के पास स्थित नसीरपुर में सुबह-सुबह खिलौने बनाने की फैक्टरी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते ग्राउंड फ्लोर से लेकर चौथी मंजिल तक आग की चपेट में आ गया। सूचना मिलते ही मौके पर एक-एक करके दमकल गाड़ियां पहुंचनी शुरू हो गईं और तकरीबन 20 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि सुबह जिस समय हादसा हुआ, उस समय फैक्टरी में काम नहीं चल रहा था। इसकी वजह से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

**चपेट में लिया**

**8 एक-एक करके दमकल गाड़ियां पहुंचनी शुरू हो गई और तकरीबन 20 गाड़ियां मौके पर भेजी गई**

दमकल कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार 5:45 पर कॉल करके जानकारी दी गई थी की फैक्टरी में आग लग गई है। उसके बाद मौके पर तुरंत गाड़ियों को रवाना किया गया। द्वारका के साथ-साथ जनकपुरी और दूसरे फायर स्टेशन से गाड़ियां भेजी गईं। मौके की गंभीरता को देखते हुए डिविजनल अफसर एके जायसवाल, वेदपाल, असिस्टेंट डिवीजन ऑफिसर रवि नाथ और उदयवीर सहित 100 से ज्यादा फायर कर्मियों की टीम आग बुझाने में जुटी रही।

वाटर टेंडर और वाटर ब्राउजर का इस्तेमाल किया गया। मौके पर मौजूद फायर अफसर ने बताया कि चार मंजिला बिल्डिंग में खिलौने बनाने का काम चलता था। दो पार्ट में यह बिल्डिंग बनी हुई थी। दोनों ही बिल्डिंग में खिलौने बनाने का काम एक ही मालिक द्वारा किया जा रहा था। आग कैसे लगी, इसके बारे में पता नहीं चल पाया है।

# सामाजिक न्याय के लिए जीती है भाजपाः सुभाष चंद्र

**धूमधाम से**

**8 बूथ पालक के रूप में बूथ नंबर 157, शहरी मंडल, करनाल के कार्यकर्ताओं के साथ स्थापना दिवस मनाया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शनिवार को** भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इसको लेकर अनेक स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। 44वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चन्द्र ने बूथ पालक के रूप में बूथ नंबर 157, शहरी मंडल, करनाल के कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान सभी ने अबकी बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के हर एक कार्यकर्ता के लिए आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि आज के दिन पार्टी की नींव रखी गई थी। आज बीजेपी प्रदेश और पूरी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। उन्होंने कहा कि पार्टी के पीढ़ी दर पीढ़ी के कार्यकताओं ने अपने जीवन को इस पार्टी में खपाया है। उन्होंने कहा कि पार्टी को घर-घर तक पहुंचाने के लिए कार्यकताओं को हर एक बूथ स्तर पर मीटिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। भाजपा नेता ने बताया कि पार्टी ने माइक्रो डोनेशन अभियान चलाया है। माइक्रो डोनेशन अभियान को रफ्तार से आगे बढ? पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का कमल उन लोगों को समर्पित है, जिन्होंने कई पीढियां विचारधारा की सफलता के लिए खपा दी। 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना हुई थी। 1984 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जहां मात्र दो सीटें ही जीती थीं, वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में उसने 303 सीटों पर जीत दर्ज की थी। सुभाष चन्द्र ने कहा कि दो से 303 सांसदों का सफर पूरा कर बीजेपी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। पार्टी 6 अप्रैल को स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल को बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती तक सामाजिक न्याय सप्ताह मनाएगी और इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ता सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के फायदों को उजागर करने के लिए बूथ, ब्लॉक और जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में राजनीतिक दलों ने सामाजिक न्याय के नाम पर राजनीति का दिखावा किया और इन दलों के मुखिया जनता का भला करने की बजाय अपने परिवार का ही भला करते रहे। उन्होंने समाज की कतई चिंता नहीं की, जबकि भाजपा सामाजिक न्याय के लिए जीती है।

सुभाष चन्द्र ने कहा कि 80 करोड़ गरीबों को बिना भेदभाव मुफ्त राशन मिलना सामाजिक न्याय का ही प्रतिबिंब है। 50 करोड़ गरीबों को बिना भेदभाव 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलना सामाजिक न्याय की ही सशक्त अभिव्यक्ति है।



# मदद के लिए आए आगेः 179 बेसहारा व्यक्ति को अपना घर आश्रम भेजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः समाज कल्याण शिक्षा** समिति और सब इंस्पेक्टर जगत सिंह द्वारा चलाई जा रही बे सहारा लावारिस बीमार इंसान जो रोडो पर लावारिस हालत में घूमते हैं या एक जगह पड़े रहते है उनको ढूंढ कर अपना घर आश्रम भेजा जाता हैं ।175 वी महिला प्रभु मंजीत तिहाड़ा और रक्षक टीम से सचिन खेवडा, सचिन कबीरपुर और मनोज तिहाड़ा को दीवान होटल के पास एक महिला प्रभु मिली जिसके बाद 112 नंबर पर फोन किया और सेक्टर 27 चौकी से महिला हेड कांस्टेबल मनीषा ने हॉस्पिटल में महिला प्रभु का मेडिकल करवाया गया रात करीब साढ़े दस बजे इस महिला प्रभु को अपना घर आश्रम भेजा गया इसी प्रकार 176 वा प्रभू रेलवे स्टेशन पर मिला जो बहुत ही बुरी हालत में था और 177 वा प्रभू गांव डुबेटा से मिला इन दोनो की पुलिस फॉर्मेलिटी कराई गई जिसके बाद उन्हें अपना घर आश्रम पूठ खुर्द दिल्ली भेजा गया 178 वा प्रभू सेक्टर 23 मे पार्क के पास पड़ा मिला जिसको साहब सिंह,ने देखा समाज कल्याण शिक्षा समिति के प्रधान श्री आनंद कुमार को बताया गया जिसके बाद आनंद कुमार ने 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी।

112 उस परभु को सिटी थाना प्रभारी को सोपा जहा उसकी पुलिस फॉर्मेलिटी कराई गई फिर सब इंस्पेक्टर संजय ने एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



## न्यूज फ्लैश

### लोक गायक ईश्वर शर्मा आस्ट्रेलिया की धरती पर माता की भक्ति की जगाएंगे अलख

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा ही** नहीं देश के जाने-माने लोक गायक, माता के जागरण में लोगों को आल्हादित करने वाले लोक गायक ईश्वर शर्मा अपाने पुद्ध हेमंत शर्मा के साथ आस्ट्रेलिया में नवरात्र के दौरान हरियाणा की आवाज बनेंगे। ईश्वर शर्मा आस्ट्रेलिया की एक कंपनी के आमंत्रण पर नौ मार्च को आस्ट्रेलिया जा रहे हैं, जहां पर वह आयोजित माता के जागरण में हरियाणी पंरपरा और संस्कति के दूत बनेंगे। अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए ईश्वर शर्मा ने बताया कि वह पहले नवरात्रे अर्थात गुडी पड़वा के दिन आस्ट्रेलिया जाएंगे। उन्होंने बताया कि वह लगभग 41 सालों से लोक गीत गा रहे हैं। वह चौबीस सालों से माता की भेंटे और अन्य भक्ति गीत खुद लिख रहे हैं और गा रहे हैं। देश के अलग-अलग भागों में अपनी प्रतिभा के दम पर लोहा मनवाने वाले ईश्वर शर्मा ने अपने पुत्र हेमंत शर्मा को भी तैयार किया हैं। हेमंत शर्मा नौ जून 2006 से अपने पिता के साथ गा रहे हैं। ईश्वर शार्मा ने बताया कि वह विलेजेज म्यूजिक कंपनी के आमंत्रण पर आस्ट्रेलिया जा रहे हैं। वहां पर वह 12 अप्रैल को पर्थ में तथा 14 अप्रैल को मेलबर्न में माता का जागरण करेंगे। इसके बाद उनके और भी कार्यक्रम हैं। पर्थ में सन्नी डवरा, निशांत खैंची, मैलबर्न में अमित चौधरी, केसी सिद्धपुरिया द्वारा कार्यक्रमों के आयोजन किए गए हैं। सोश्ल मीडिया पर ईश्वर शर्मा के कई गाने धूम मचा रहे हैं। उन्होंने राम मंदिर से लेकर नरेंद्र मोदी, शहीद चंद्रशेखर आजाद, माता पिता की सेवा, भ्रूण हत्या, बेटी का सम्मान के साथ, शहीदों के सम्मान जैसे विषयों पर लोक गीत गाए हैं। वह अपने गीत खुद लिखते हैं और गातें हैं। हरियाणवी संस्कृति और लोक गायकी के एक संस्थान ईश्वर शर्मा ने सैकड़ों लोक गायक तैयार किए हैं। वह खुद लोक गायकी का एक विख्यात घराना बन चुके हैं। वह अपनी सफलता का राज अपने माता पिता का आशीर्वाद, गुरु के संस्कार, माता रानी की आगाध भक्ति और पत्नी का सहयोग मानते हैं। वह कहते हैं कि माता जो भाव मन में लाती हैं, वही गीत बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि वह लोक गायकी और भक्ति गान की एक नई पारी की शुरूआत कर रहे हैं।



### संतों और महापुरुषों के बताए मार्ग पर अपना जीवन सफल बनाए: वीरेंद्र कादियान

**टीम एक्स इंडिया**

**गन्नौर। गांव दतौली स्थित** शिव मंदिर परिसर में बाबा अलख गिरी महाराज व बाबा शुद्ध गिरी महाराज व बाबा मंगल गिरी महाराज की बरसी पर शनिवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के अलावा आसपास से काफी तादाद में लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले महंत नारायण गिरी जी महाराज की अध्यक्षता में हवन यज्ञ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के तौर पर पहुंचे मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स एमडी एवं समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने भी यज्ञ में आहुति देकर क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की और गणेश जी महाराज और प्रेमदास महाराज से आशीर्वाद लिया। मुख्यातिथि वीरेंद्र कादियान ने कहा कि हम संतों और महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर ही अपना जीवन सफल बना सकते है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों का चिंतन सांसारिक लोगों से भिन्न होता है। क्योंकि वह जब भी सोचते है तो शुभ ही सोचते है। इंसानियत के भले के लिए ही सोचते है। जहां इंसान चिंता को चिंतन समझने की भूल कर बैठता है, वहीं पर महापुरुषों के चिंतन में चिंता का हरण करने वाले प्रभु ही होते है। उन्होंने कहा कि हमेशा परोपकार के कार्य करें तो भगवान की कृपा हासिल होती है और इंसान प्रभु परमात्मा से जुड़ता है। उसकी जिंदगी से मुश्किलों और कठिनाईयों का अंत होता है।



# 'किसी के साथ धक्केशाही न हो, दोषी को मिले सजा'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की धर्म प्रचार कमेट के चेयरमैन तथा इंटरनैशनल गुरमत तथा गुरु सिखी के धर्म प्रचारक जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने कहा है कि किसी के साथ धक्केशाही नहीं होना चाहिए और दोषी बचना नहीं चाहिए। निर्दोष के साथ राजनीतिक दुश्मनी से कार्रवाई नहीं हो। वह खालिस्तानी आतंकवादी गुरवंत सिंह पन्नू द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फंडिंग करने के मामले में जबाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार के पास जांच एंजेंसी हैं, जांच करवाए। उन्होंने कहा कि खालिस्तान के नाम पर सरकार निर्दोष युवकों का दमन न करे। राजनीतिक समर्थन के सवाल पर उन्होंने कहा कि एचएसजीपीसी राजनीतिक संस्था नहीं है। इसका मकसद धर्म का प्रचार करना है। इस समय गुरमत को पढ़ाने वालों तथा ग्रंथियों, रागी ढाडी तथा विद्वानों की कमी महसूस की जा रही है। एचएसजीपीसी जल्द ही गुरमत विद्यालय खोलेगी। जत्थेदार दादूवाल आज समाजसेवी गगन मैहता के निवास पर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इससे पहले वह माडल टाउन सिंह सभा गुरुद्वारे में हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी के पूर्व उप चेयरमैन गुरविंदर सिंह धमीजा की माता की याद में शोक समागम में भाग लेने के लिए पहुंचे थे। उनके साथ एचएसजीपीसी के मीत प्रधान गुलाब सिंह डेरा कारसेवा के जत्थेदार इंद्रपाल सिंह तथा अन्य पदाधिकारी थे। अपने निवास पर पहुंचने पर गगन मैहता ने सभी को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जत्थेदार दादूवाल ने बताया कि एचएसजीपीसी और एसजीपीसी के बीच कोई विवाद नहीं हैं। उन्होंने कहा कि एचएसजीपीसी जल्द ही हरमिंदर साहेब में संगत के लिए सराय बनाएगी।



# डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर करनाल में होगा कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारतीय** जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की मीटिंग शनिवार को कर्ण कमल कार्यालय में हुई, जिसकी अध्यक्षता अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अमरनाथ सौदा ने की। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर करनाल में विधानसभा स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम रामलीला मैदान में होगा, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे शुरू होगा। इससे पहले मुख्यमंत्री तमाम भाजपा नेताओं व कार्यकताओं के साथ डा. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करेंगे। अमरनाथ सौदा ने कहा कि कार्यक्रम का न्यौता देने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी कार्यक्रम में सुनिश्चित की जाएगी। डा. भीमराव अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलने के लिए सबको प्रेरित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने गरीब, दलित और मजदूर का भी सम्मान बढ़ाने का काम किया है। नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर उन्होंने भाजपा हाईकमान व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार प्रकट किया।

# नव ज्योति शिक्षा सदन में प्रतियोगिता के विजेताओं को बांटे पुरस्कार



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः नव** ज्योति शिक्षा सदन में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ज्ञान केसरी प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय व तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार व उपहार देकर सम्मानित किया गया।स्कूल के निदेशक राजेन्द्र कौशिक ने संबोधित करते हुए कहा कि यह ज्ञान केसरी -2 प्रतियोगिता थी। गत वर्ष भी इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया था। नव ज्योति स्कूल ऐसी प्रतियोगिताएं समय-समय पर करवाता रहता है। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए आज गौरव का दिनः पार्षद सुरेंद्र मदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः भारतीय जनता पार्टी** का 45वां स्थापना दिवस आज सारे देश में कार्यकताओं द्वारा घर-घर झंडे लगाकर मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शहीद भगत सिंह मंडल भाजपा सोनीपत के अध्यक्ष एवं वार्ड तीन पार्षद सुरेंद्र मदान ने भी अपने मंडल के कुछ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के घर पहुंच कर भारतीय जनता पार्टी का झंडा फहराया। इनमें प्रमुख, मंडल के महामंत्री एम आहूजा, कर्मठ कार्यकर्ता आर के ग्रोवर, अमन डूडेजा, संदीप कपिल मुख्य रहे। इस अवसर पर सुरेंद्र मदान ने कहा कि आज का दिन प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के लिए एक गौरव का दिन है। पार्टी के हर छोटा-बड़े कार्यकर्ता ने पार्टी के प्रति निष्ठा प्रकट करते हुए अपने घरों में झंडा लगाया और 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम ' आदि नारे लगाए। उन्होंने आगे कहा के निसंदेह मोदी जी के नेतृत्व में देश 2047 तक एक विकसित देश बनकर एक अविश्वसनीय उदाहरण पेश करेंगे। मंडल महामंत्री एम एल आहूजा ने कहा कि देश में केवल भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें देशभक्ति और देश प्रेम कूट-कूट कर भरा हुआ है।



# रिसेप्शनिस्ट के साथ तीन युवकों ने की अभद्रता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सेक्टर-13** के एक सैलून में तीन युवकों द्वारा रिसेप्शनिस्ट के साथ बदतमीजी करने का मामला सामने आया है। जब कर्मचारी ने आकर बीच-बचाव किया तो तीनों युवकों ने उसकी धुनाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए तो आरोपी मौके से फरार हो गए। कर्मचारी ने अस्पताल में मेडिकल करवाने के बाद शिकायत पुलिस को सौंपी है। वहीं, रिसेप्शनिस्ट ने भी अपने साथ हुई अभद्रता की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस दोनों शिकायतों पर मामले की जांच कर रही है।

# जिले के सभी 876 बूथ पर मनाया गया भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः शनिवार को** हरियाणा के सभी 22 जिला मुख्यालयों और सभी मतदान केन्द्रों के अलावा भाजपा वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं द्वारा अपने निवास स्थानों पर भी भाजपा स्थापना उत्सव मनाया गया` इसी कड़ी में प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक जिला के विभिन्न स्थानों पर भाजपा स्थापना दिवस उत्सव पर पार्टी ध्वज लगाने का सिलसिला जारी रहा` इन कार्यक्रमों को सम्पन्न करवाने में भाजपा के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र प्रमुख, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष व पन्ना प्रमुखों व सभी कार्यकताओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई`

**पानीपत में प्रातः** 6 बजे भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने अपने निवास स्थान (6 सेक्टर) पर पार्टी ध्वज लगाया और कार्यकताओं को संबोधित किया` इसके बाद सेक्टर 13-17 में भाजपा के निमार्णाधीन कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता ने पार्टी ध्वज लगाया` इस अवसर पर अवनीत कौर, विजय जैन, पवन गोगलिया, अर्जुन शर्मा और कैलाश पाल आदि मौजूद रहे` पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने अपने कार्यालय (जीटी रोड) पर और सहकारिता राज्य मंत्री महिपाल ढांडा ने अपने निवास पर और राज्यसभा सदस्य कृष्णलाल पंवार ने अपने निवास स्थान (मतलौडा) पर पार्टी ध्वज लगाया` इसी प्रकार भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मपाल जागलान ने इसराना में अपने निवास पर ध्वज लगाया` पानीपत तहसील कैंप क्षेत्र वार्ड 3 की पार्षद अंजलि शर्मा ने भी अपने निवास स्थान और अपने कार्यालय पर ध्वज लगाया`

बापौली के भलौर में रविन्द्र रावल के निवास पर भी भाजपा ध्वज लगाया` एसएम मॉल समालखा में शहरी मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर, भाजपा नेता शशिकांत कौशिक, राजेन्द्र हल्दाना, मंडल अध्यक्ष नरेश कौशिक, मनजीत डिकाडला, कुलदीप जांगड़ा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे` इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा से जुड़े हर व्यक्ति के लिए आज का दिन बहुत बड़ी अहमियत रखता है और देश भर के युवा इस दिवस को एक उत्सव के रूप में मना रहे हैं

` आज से 44 साल पहले भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने वर्ष 1951 में दिल्ली में भारतीय जन संघ की स्थापना की` 1 मई, 1977 को भारतीय जनसंघ ने करीब 5000 प्रतिनिधियों के एक अधिवेशन में अपना विलय जनता पार्टी में कर दिया । इसके बाद जनता पार्टी से अलग होकर 6 अप्रैल, 1980 को एक नये संगठन ह्यभारतीय जनता पार्टीह्ण की घोषणा हुई। बहुमुखी प्रतिभा के धनी अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय जनता पार्टी के पहले अध्यक्ष निर्वाचित हुऐ अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, डॉ. मंगलसेन जैसे महान नेताओं ने जनहित में ऐसी नीतियाँ बनाई कि देश की आम जनता भाजपा से जुड़ती चली गई और यह पार्टी 2 सांसदों से उठकर 303 सांसदों तक पहुँच गई वर्त्तमान लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 का आंकड़ा पार करके एक बार फिर केंद्र में सरकार बनाकर भारत को पुनः जगतगुरु का दर्जा दिलवाएगी`



# हाइवे पर लेन चेंज करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस की सख्ती आरंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः हाइवे पर** सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतू व आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लेन चेंज नियमों का उंल्लघना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ जिला पानीपत यातायात पुलिस ने सख्ती करनी शुरू कर दी है। शुक्रवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाकर सही लेन में ना चलने वाले व यातायात नियमों को तोड़कर अपने वाहनों को गलत लेन में खतरनाक तरिके से चलाकर दूसरों की जान को खतरे में डालकर लोकमार्ग पर बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ ये विशेष अभियान चलाकर एफआईआर दर्ज की गई है। विशेष अभियान के तहत जिला पानीपत पुलिस द्वारा जिला में दिल्ली चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर टोल प्लाजा के पास, मलिक पेट्रोल पंप के सामने, मन्नत ढ़ाबा के पास, पुलिस लाइन के पास, पुराना बस स्टेंड के सामने फ्लाई ओवर पुल पर, डाहर टोल प्लाजा के पास व बाबरपुर ट्रैफिक थाना पेप्सी पुल के पास एक साथ चेकिंग टीमें तैनात कर कार्रवाई की गई।



# लोकसभा आम चुनाव को लेकर जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः लोकसभा आम** चुनाव को जिला में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, स्वतंत्र व भय मुक्त माहौल में करवाने व कानून एवं व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों द्वारा शनिवार को थाना समालखा, थाना बापौली व थाना सनौली क्षेत्र में उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च गांव झट्टीपुर से शुरू होकर, मछरौली, भापरा बाईपास, समालखा जीटी रोड, बाजार, चुलकाना रोड, चुलकाना, पट्टीकल्याणा, डिकाडला, हथवाला, आटा जुरासी गढ़ीछाजू, बिहौली, शहरमालपुर, मतरौली, संजौली, गोयला खुर्द, गोयला खेड़ा, बापौली, अधमी, नन्हेडा, जलालपुर प्रथम, रिशपुर, रामडा, सनौली, नवादा आर, नवादा पार, पत्थरगढ़, राणा माजरा, गढी बेसिक, नंगला आर, नंगला पार, धनसौली व छाजपुर कला से होकर निकला। इस दौरान समालखा उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिह, समालखा तहसीलदार ललीता, समालखा बीडीपीओ नितिन यादव, बापौली, सनौली बीडीपीओ शक्ति सिंह, सीआरपीएफ कंपनी कमाडर इंस्पेक्टर अंजू, थाना समालखा प्रभारी इंस्पेक्टर फुलकुमार, थाना सनौली प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप व थाना बापौली प्रभारी सब इंस्पेक्टर अतर सिंह मौजूद रहे। जिन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनसे निर्भिक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने व निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए अपील की। उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि फ्लैग मार्च कानून व्यवस्था बनाने का एक हिस्सा है। हम सब का यह दायित्व है कि हम सभी कानून का पालन करें और निष्पक्ष व भय रहित चुनाव संपन्न करवाए। चुनाव का शांतिपूर्ण निपटान करवाना हम सबकी जिम्मेदारी है और इसमें आमजन की सहभागिता जरूरी है। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दे और शरारती व असामाजिक तत्व व गड़बड़ी फैलाने वाले व नशा तस्करों की सूचना पुलिस को दे।



# कांग्रेस गारंटी कार्ड को लेकर महिला कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की ओर से बैठकों का दौर जारी है। ,

चुनाव को लेकर दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की ओर से अपने अघोषित प्रत्याशी को विजय दिलाने के लिए कमरतोड़ तैयारियों में जुटी हुई है। इसी कड़ी में आज चांदनी चौक जिला क्षेत्र स्थित कमला नगर में कांग्रेस की पांच गारंटी को लेकर बैठक कर जनसंपर्क किया गया।

बैठक का आयोजन चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी के डेलिगेट्स अजय गुप्ता के कार्यालय कमला नगर में किया गया।

**बैठक में कई लोग रहे मौजूद:** बैठक के दौरान दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पुष्पा सिंह, दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, कांग्रेस नेत्री शिवानी मिश्रा, पूजा चड्ढा, महरौली जिला से सुमित्रा मान के साथ-साथ चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी के डेलिगेट्स अजय गुप्ता, चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जानकी दास भारद्वाज सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**अपने मुंह मियां मिट्ठू बन बैठी है मोदी सरकार:** इस दौरान दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने कांग्रेस द्वारा जारी की गई कांग्रेस की पांच गारंटी कार्ड को लेकर स्थानीय लोगों को विस्तार से जानकारी दी गई।

पुष्पा सिंह ने स्थानीय महिलाओं को बताया कि पुनः कांग्रेस की सरकार आती है तो गरीब महिलाओं को अर्थिक रूप में मदद हेतू एक लाख रूपयें सहायता दी जाएगी, बेरोजगारों को रोजगार सहित गरीबों के हितों में काम किए जायेगें।

**राहुल गांधी के नेतृत्व के प्रति लोगों का मिला समर्थन:** दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि भाजपा देश को अंग्रेजों की तरह लूट रही है और कांग्रेस का लक्ष्य इसे सत्ता से बेदखल करके देश को बचाना है। उन्होनें यह भी कहा कि मोदी सरकार देश की संपत्तियां बेचकर उसे चला रही है। उन्होंने आगे कहा कि देश में माहौल बदल गया है और राहुल गांधी के नेतृत्व के प्रति समर्थन बढ़ रहा है। इस मौके पर अजय गुप्ता ने कहा कि भाजपा द्वारा देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, संविधान और न्याय व्यवस्था को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन जिस तरह शक्तिशाली ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंका गया, उसी तरह कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य भाजपा की निरंकुश सरकार को उखाड़ फेंकना है।

# अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा कर रही हैं समाज को जागरूक: जीडी यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: अखिल** भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव जीडी यादव ने बताया कि महासभा के द्वारा समाज को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है, जिससे की समाज के लोग अधिक से अधिक जागरूक हो सके।

उन्होंने आगे बताया कि अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के द्वारा अहीर रेजीमेंट बनाओं रथ निकालने के अलावा जागरूकता अभियान सहित कई प्रकार के अभियान चलाये जाते है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील करते



हुए कहा कि अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये, क्योंकि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसलिए सभी अपने बच्चों को उच्च शिक्षा अवश्य ही दिलवाये, जिससे की बच्चा पढ़-लिख कर समाज और देश का नाम रोशन करें। श्री यादव ने आगे बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की मदद करनी चाहिए। अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव जीडी यादव ने आगे बताया कि अगर समाज का कोई व्यक्ति परेशान है तो वह हमारे पदाधिकारियों व कार्यालय पर संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा।

# जहांगीरपुरी: ईश्वर सभी के जीवन में खुशियां लाये: सुरेन्द्र खर्ब





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके जे ब्लॉक स्थित पार्क में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने शिरकत की और प्रभु का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सुरेन्द्र खर्ब ने कहा कि बड़ा ही अच्छा आयोजन यहां पर किया गया है, मैं इस आयोजन के लिए सभी को बधाई देता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर सभी के जीवन में खुशियां लाये। इस मौके पर कथा ब्यास प्रेममूर्ति श्री राजेश्वर जी महाराज ने भक्तो से कहा कि सभी भक्त कथा में बताई हुई बातों को अपने जीवन में उतारें और हमेशा ही सत्य का साथ दें। उन्होंने आगे बताया कि मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करें और गरीब व निर्धन तबके की सहायता करें। जिससे की किसी भी निर्धन तबके को परेशान न होना पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि जहां पर भी कथा का आयोजन किया जा रहा हो, वहां पर समय निकालकर अवश्य ही जाये। उन्होंने कहा कि कथा का श्रवण करने से कष्ट दूर होते है। इसलिए सभी ध्यान पूर्वक कथा का श्रवण करें।

# गुलाबी बाग: धूमधाम से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देशभर में भाजपा का स्थापना दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। जिला से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उल्लास और उमंग के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई भी दी। इस दौरान बाईक रैलियों का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर पार्टी का ध्वजारोहण करके कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। इसी कड़ी में गुलाबी बाग स्थित जिला चांदनी चौक के कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ पार्टी के संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प और दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया।

**कई दिग्गज नेता रहें मौजूद:** इस मौके पर जिला चांदनी चौक सह संयोजक आदित्य झा, चांदनी चौक जिला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, कमला नगर से निगम पार्षद रेनू अग्रवाल, मनोज जिंदल, चांदनी चौक जिला के अंतर्गत आने वाले पंद्रह मंडलों के अध्यक्ष और पंद्रह मंडल प्रभारी, भाजपा नेता हरीश असड़ी, भाजपा नेता अमनप्रीत सिंह, भाजपा नेता कुलदीप चौधरी, महामंत्री प्रवीण जैन, महामंत्री राजा खारी, महामंत्री लता सोढ़ी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष गरिमा बंसल सहित पार्टी कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने कहा कि भाजपा एक राजनैतिक पार्टी मात्र नहीं है, बल्कि एक विचारधारा है जिसके लिए राष्ट्र प्रथम है। पार्टी के सभी बूथों पर संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवम पुष्पार्चन करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**हरीश असड़ी को किया सम्मानित:** इस दौरान पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक भाजपा नेता हरीश असडी को शॉल उड़ाकर व पुष्पगुच्छ देकर उनको सम्मानित भी किया गया।

# राजा गार्डन: शिवाजी कॉलेज का 63वां वार्षिकोत्सव संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले शिवाजी कॉलेज का 63वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शानदार तरीके से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर राजस्थान के कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजेस, प्रो. बलराम पाणी आमंत्रित थे।

प्रतिष्ठित एलुमनी के रूप में बी.एस.एफ से महानिरीक्षक पद से सेवानिवृत्ति डी.के. शर्मा और कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज समेत कॉलेज के सभी





शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद थे। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलगीत, अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वन्दना की प्रस्तुति से कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत हुई। आमंत्रित अतिथियों का परिचय तथा स्वागत कार्य संपन्न हुआ। प्राचार्या प्रो. भारद्वाज ने अतिथियों का स्वागत किया, उसके बाद उन्होंने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए सिलसिलेवार वर्ष की अकादमिक, सांस्कृतिक, खेल-कूद, एन.सी.सी, एन.एस.एस आदि तथा कॉलेज की विविध समितियों की गतिविविधियों को श्रोताओं के समक्ष रखा। उन्होंने इस अकादमिक सत्र में कॉलेज में लगभग 100 शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति को भी विशेष रूप से रेखांकित किया। कॉलेज के नए जीजाबाई अकादमिक ब्लॉक, शिवाजी महाराज के 350वें राज्याभिषेक वर्ष को शिवराज 350 नाम से मनाए जाने का भी उल्लेख किया। अपने उद्बोधन में विशिष्ट अतिथि प्रो. बलराम पाणी ने वार्षिकोत्सव आयोजन के अवसर पर सभी को शुभकामनाएँ दीं। शिक्षक तमाम समस्याओं के समाधान का कार्य करता है, इसके लिए शिक्षकों में आत्मसंतुष्टि और प्रसन्नता का भाव होना चाहिए।

# सरकार गांवों व गरीबो के बच्चों के साथ भेदभाव खत्म करें: थान सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पंचायत संघ ने दिल्ली देहात, गांव, गरीबों के बच्चों के लिए राइट टू एजुकेशन नियम में बदलाव कर कक्षा बारहवीं तक ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के तहत पढ़ाने की मांग की।

दिल्ली के कुछ पब्लिक स्कूलों में इस नियम का हवाला देकर आठवीं कक्षा के बाद ईडब्ल्यूएस के तहत पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल से निकाल देते है या बच्चें स्कूल फीस देकर पढ़ सकते है। जिसको लेकर गांव, गरीबो में आक्रोश बढ़ रहा है। सरकार गांवों व गरीबो के बच्चों के साथ



भेदभाव खत्म करें और उनको भी उच्च व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तक पढ़ने का अधिकार दें। यह नियम अमीर छात्रों व गरीब छात्रों के बीच खाई पैदा करता है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की यह स्कीम कक्षा बारहवीं तक होनी चाहिए। इस पर दिल्ली सरकार व केंद्र सरकार को विचार करना चाहिए। राइट टू एजुकेशन के नियम में बदलाव कर नया नियम बनाए। जिसमे गांव, ग्रामीण, गरीबो के बच्चें कक्षा बारहवी तक मुफ्त शिक्षा ग्रहण कर सके।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की सरकार ने गांवों के किसानों से उनकी कृषि भूमि को जबरदस्ती कोडियों के भाव अधिग्रहण कर इन पब्लिक स्कूलों व अस्पतालों को दे दी।

# नरेला विधानसभा: भाजपा लोकसभा प्रत्याशी चंदोलिया का किया गया नागरिक अभिनंदन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला में रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला में शनिवार को वाल्मीकि समाज नरेला द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर उत्तर-पश्चिमी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया का स्वागत अभिनंदन किया गया और भाजपा प्रत्याशी को समस्त वाल्मीकि समाज द्वारा पूर्ण समर्थन कर रिकार्ड मतों से जीत दिलाने का संकल्प भी लिया गया। इस दौरान भाजपा लोकसभा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया का वाल्मीकि समाज द्वारा साफा, नोटों की माला, पटका पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस मौके पर लोकसभा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया ने अपने संबोधन में कहा








कि मैं चुनाव जीतने के बाद अपनी लोकसभा क्षेत्र में सभी रुके हुए विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाऊंगा। उन्होंने उपस्थित जन समूह से आवाहन करते हुए कहा कि आप सभी बीजेपी को अपना समर्थन और आशीर्वाद देकर लोकसभा चुनाव में विजयी बनाएं और नरेंद्र मोदी का कमल का फूल मजबूत करे। नरेला से पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक अमरोही ने कहा कि समस्त वाल्मीकि समाज भाई योगेंद्र चांदोलिया के साथ है और चांदोलिया को भारी मतों से जिताकर आगामी लोकसभा में भेजेंगे। कार्यक्रम पश्चात भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अलीपुर वार्ड से निगम पार्षद योगेश राणा, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, पूर्व डिप्टी चेयरमैन डॉ. अर्चना, अशोक अमरोही, सतीश स्वामी, नीरू पार्चा, सुरेंद्र अमरोही, राकेश अमरोही, अजय, छोटेलाल, बालकिशन, राजवीर पार्चा, बलराज पार्चा, जयप्रकाश पार्चा, विजेंद्र सिंह, जवाहर चंद, राजेंद्र, बालकिशन बाली, शीला, रानी, खुशी, धर्मराज, दयानंद, राजेश, मीनू, दयावती, सावन, जितेंद्र, धर्मपाल, चरण दास, कुलदीप, रमेश, जगदीश, श्यामलाल, रणबीर कंडेरा, कुलदीप कंडेरा, कुलदीप पार्चा, राकेश, मनोज सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# हरियाणा में अब गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं: मुख्यमंत्री

**संकल्प रैली**

**8 होडल की विजय संकल्प रैली में सीएम सैनी ने अधिकारियों को कहा- लोगों का काम करें अफसर**




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

होड़ल के औरंगाबाद की विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मोदी सरकार को न्याय करने वाली सरकार बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर वर्ग के साथ न्याय किया है और अपनी कल्याणकारी नीतियों से देश को विकास की पटरी पर चढ़ाया है, जबकि कांग्रेस ने कभी भी देश के साथ न्याय नहीं किया। मुख्यमंत्री ने मंच से अधिकारियों को भी कहा कि अफसर जनता का काम करने में कोई कोताही ना बरतें। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गुंडागर्दी करने वाले तत्वों को भी स्पष्ट संदेश दिया कि हरियाणा में अब गुंडागर्दी करने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है।

सीएम एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने सबसे पहले भाजपा के कार्यकताओं को पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमें गर्व हैं कि हम दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के सदस्य हैं, जिसके 18 करोड़ से ज्यादा मेंबर है। नायब सैनी ने कहा कि भाजपा की स्थापना हुई थी तब भाजपा के मात्र 2 सांसद थे। 2019 में देश ने 303 सांसद भाजपा को दिए हैं। श्री सैनी ने कहा कि अब तो देश के साथ-साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिलकार्जुन खड़गें भी बोल रहे हैं अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा कि 6 जून को देश नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना रहा है।कांग्रेस को घेरते हुए नायब सैनी ने कहा कांग्रेस ने 55 साल देश में शासन किया और अब कांग्रेस को वोट लेने के लिए गारंटी देनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अगर काम करती तो उसे गारंटियां देने की जरूरत नहीं पड़ती। देश और प्रदेश की जनता कांग्रेस को समझ चुकी है। देशवासियों को अब एक ही गारंटी पर भरोसा है और वह गारंटी मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी ने रेवाड़ी से पूर्व सैनिकों के लिए वन रैंक, वन पेंशन की गांरटी दी और उसे पूरा किया।

नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने मैनीफेस्टों पर न्याय की बात कही है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा कांग्रेस ने ना कभी न्याय किया है और ना कभी न्याय कर सकती। कांग्रेस ने सिर्फ लोगों के साथ अन्याय ही अन्याय किया है। कांग्रेस ने गरीब महिलाओं को गैस सिलेंडर से वंचित रखा। देश जानता है कि कांग्रेस ने वोट लेने के बाद लोगों को तीन-तीन दिनों तक गैस के लिए लाइनों में खड़ा करके अन्याय किया है। नायब सैनी ने मोदी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गैस सिलेंडर के लिए लगने वाली लाइन को खत्म किया और आज सिलेंडर घर-घर पहुंच रहे हैं।

नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के समय जवानों के साथ भी अन्याय होता था। शहीद होने पर हमारे जवानों के शव उनके परिजनों तक नहीं पहुंचते थे। इस अन्याय को पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी ने खत्म किया। वाजपेयी जी ने कानून बनाकर बार्डर पर शहीद होने वाले जवानों को सम्मान दिया और 20 लाख एक्सग्रेसियां ग्रांट दी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि एक्सग्रेसिया ग्रांट को बढ़ाकर मोदी सरकार ने एक करोड़ किया है।

# स्थापना दिवस पर युवा मोर्चा द्वारा निकाली बाइक रैली का किया स्वागत

**स्वागत**

**8 – राई हलके में योगेश जठेड़ी, पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल ने किया स्वागत**



**टीम एक्शन इंडिया/राई**

भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने शनिवार को भाजपा का स्थापना दिवस को भव्य बनाने के लिए युवा मोर्चा के महामंत्री योगेश जठेड़ी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रवीन दहिया, पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल के नेतृत्व में मोटरसाईकिल यात्रा निकाली। सोनीपत अनाज मंडी से चली यात्रा का राई हलके में पहुंचने पर युवाओं ने भव्य स्वागत किया। पूर्व मंत्री कविता जैन, पूर्व राई हलके के भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री युवा नेता योगेश जठेड़ी व पूर्व मार्किट कमेटी के चेयरमैन कुलदीप नांगल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रवीन दहिया आदि ने स्थापना दिवस, बूथ सशक्तिकरण, भीमराव आदि पर चर्चा करते हुए भाजपा हितैषी नारे लगाए व मोटरसाईकिल यात्रा को रवाना किया। पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल ने कहा कि भाजपा के पदाधिकारी, पन्ना प्रमुख और कार्यकर्ता इस दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाएंगे। सभी बूथ अध्यक्ष अपने बूथ के सभी मतदाताओं से संपर्क कर पार्टी की विचारधारा के बारे में बताएं।

# भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने घरों पर फहराया झंडा

**स्थापना दिवस**

**8 दो सीटों से यात्रा शुरू करने वाली भाजपा इस बार 400 पार करेगी: नायब सैनी**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

भाजपा ने अपना 44वां स्थापना दिवस प्रदेशभर में मंडल स्तर पर मनाया। विधानसभा और जिला स्तर पर बाइक रैली और पैदल यात्राएं भी भाजपा के झंडे के साथ प्रदेशभर में निकाली गई। कार्यकताओं ने पार्टी के संस्थापकों को याद किया और अपने-अपने घरों और कार्यालयों पर पार्टी का झंडा फहराया। खुद मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने फरीदाबाद के अटल कमल कार्यालय पर पहुंचकर पार्टी का झंडा फहराया और उपस्थित कार्यकताओं को स्थापना दिवस की बधाई दी। यहां केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा सहित अनेक नेता उनके साथ रहे। दूसरी तरफ भाजपा के संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा और पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने रोहतक कार्यालय पर पार्टी का झंडा फहराया। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सिरसा में युवा मोर्चा की बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई और कार्यकताओं को भाजपा के स्थापना दिवस की बधाई दी। वहीं पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा ने पंचकूला के भाजपा कार्यालय पंचकमल में पार्टी का झंडा फहराया। इसी तरह राज्य सभा सांसद सुभाष बराला ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर गांव गाजूवाला में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मोहनलाल गाजूवाला के घर पार्टी का झंडा फहराया।

फरीदाबाद में पार्टी का झंड़ा फहराने के बाद मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि संसद में दो सीटों से अपनी यात्रा की शुरूआत करने वाली भाजपा इस बार 400 पार करेगी। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना हुई थी। दो सीट से शुरू हुई यात्रा 303 पर चली गई है। देश आज एक सुर में बोल रहा है अबकी बार 400 पार। नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने विकास का एक नया आयाम छुआ है। जनता का मैंडेट लेकर तीसरी बार भी हरियाणा में कमल का फूल खिलेगा। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि अब वोटिंग तक वे घर में ना बैठें, बल्कि पब्लिक में जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों के दम पर गर्व के साथ जनता के बीच जाएं और वोट मांगे।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी और डबल इंजन की सरकार के कारण आज युवाओं, महिलाओं और किसानों का आत्मविश्वास बढ़ा है। हमें गर्व है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एक नई दिशा दी। हमें गर्व है ऐसे प्रधानमंत्री पर जिसने दुनिया में भारत का सम्मान ऊंचा करने का काम किया है।

चाहे सड़कों की बात हो, चाहे रेलवे की बात, चाहे एयर कनेक्टिविटी की बात हो, हेल्थ की बात हो, नए एम्स बनाने की बात हो, चाहे बिना पर्ची बिना खर्ची के रोजगार देने की बात हो, भारतीय जनता पार्टी ने नए आयाम को छुआ है।

कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुआ मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम हाउस आपका है। आप चाहे रात में 2:00 बजे भी आयें, मुख्यमंत्री आवास का दरवाजा खुला है।

# देश मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक सुधार का साक्षी बन रहा है: कंवर पाल

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

हरियाणा के कृषि मंत्री ने भाजपा के स्थापना दिवस पर शनिवार को जगाधरी में अपने आवास पर ध्वज फहराया। उन्होंने भाजपा के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी की स्थापना देश व देशवासियों की सेवा के लिए पांच निष्ठाओं के आधार पर हुई है। हर कार्यकर्ता को इन निष्ठाओं का स्मरण करना आवश्यक है।कंवरपाल ने कहा कि सकारात्मक पंथ निरपेक्षता के आधार पर सभी को बराबर का सम्मान देना, सभी का ध्यान रखना पार्टी की विशेषता रही है।

# प्रदेश प्रभारी धनखड़ ने दिल्ली में किया चुनाव प्रचार का आगाज

**जनसभा**

**8 पश्चिमी दिल्ली में कमलजीत सहरावत के समर्थन में किया जनसभा को संबोधित**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

भाजपा प्रदेश प्रभारी औमप्रकाश धनखड़ ने शनिवार को पार्टी के स्थापना दिवस की कार्यकताओं को बधाई देते हुए दिल्ली में चुनाव प्रचार का आगाज किया। पश्चिमी दिल्ली से लोकसभा उम्मीदवार कमलजीत सहरावत के समर्थन में श्याम विहार में आयोजित जनसभा को संबोधित किया।

प्रदेश प्रभारी श्री धनखड़ ने कहा कि उपस्थित जनसमूह का उत्साह और जोश बता रहा है कि दिल्ली में फिर से सातों कमल खिलने वाले हैं। दिल्ली की जनता भ्रष्टाचारियों को सहन करने के मूड में नहीं है। धनखड़ ने कहा कि पीएम मोदी देश को आगे बढ़ा रहे है, दिल्ली और देश का मान सम्मान बढ़ाने में लगे हुए है दूसरी ओर आम आदमी पार्टी देश की राजधानी दिल्ली में कुछ शराब कारोबारियों के साथ मिलकर घोटाले करनेमें लगी रही। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार को खत्म करने की मुहिम चलाकर राजनीति शुरू की थी और आज कांग्रेस के साथ ही मंच सांझा कर रही है, गठबंधन कर रही है। दिल्ली की जनता सब समझ चुकी है ।

आम आदमी पार्टी की आधी सरकार भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद है। इनके मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री,मंत्री कह रहे हैं हम कुर्सी नहीं छोड़ेंगे, जेल से ही सरकार चलाएंगे। धनखड़ ने कहा की आम आदमी पार्टी लोकतान्त्रिक मूल्यों को भी भूल गई है। दिल्ली की समझदार जनता ने लोकसभा चुनाव में फिर से सभी सातों सीटों पर कमल खिलाने का मन बना लिया है। और आगे आने वाले विधान सभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने का मन अभी से बना लिया है।

आगामी लोकसभा चुनाव मे भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयश्री दिलाने का आह्वान करते हुए धनखड़ ने कहा कि देशभर में राजनीतिक माहौल भाजपा के पक्ष में है। इसलिए सभी मान रहे हैं, कह रहे हैं, इस बार भाजपा 400 पार और फिर से मोदी सरकार।

धनखड़ ने अपने संबोधन में कहा कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों का गठजोड़ है। दूसरी तरफ मोदी जैसा सशक्त नेतृत्व है, जिसके नेतृत्व की क्षमता का लोहा पूरी दुनिया मान रही है।

# सामाजिक कार्य के लिए युवा क्रांति एकता मिशन ने देवेंद्र सिंह का किया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/पीलीबंगा**

मंडी की सामाजिक संस्था युवा क्रांति एकता मिशन ने शनिवार एक कार्यक्रम का आयोजन कर क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र सिंह निक्कू को सम्मानित किया। संस्था अध्यक्ष महेंद्र कल्याणा ने बताया कि उनको यह सम्मान सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया है।



हाल ही में देवेंद्र सिंह ने रावतसर के एक वास्तविक जरूरतमंद परिवार की मदद करते हुए उसका मकान बनवाने में बढ़-चढ़कर सहयोग किया।वहीं मंडी में भी जरूरतमंदों की मदद के लिए वह हर समय तत्पर रहते हैं।उनके सामाजिक हितार्थ कार्य की बदौलत संस्था ने उनको यह सम्मान दिया है।इस सम्मान के लिए निक्कू ने समिति का आभार जताया।इस मौके पर ओमप्रकाश नायक,मदनलाल, रामेश्वर,राकेश कुमार आदि शामिल रहे।

# भाजपा जिला कार्यालय में चिकित्सक प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**कमाल हुसैन**

भाजपा जिला कार्यालय में चिकित्सक प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की` चिकित्सक प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. जगजीत आहूजा ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया` प्रकोष्ठ की सह संयोजक डॉ. मंजू अबरोल ने सभी का आभार व्यक्त किया` डॉ. गौरव श्रीवास्तव ने भी बैठक को संबोधित किया`

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस पूरे देश में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जा रहा है` पानीपत जिला में भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें चिकित्सक प्रकोष्ठ ने भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है` उन्होंने कहा कि चिकित्सकों का समाज में अत्यधिक सम्मानित स्थान है ईश्वर के बाद चिकित्सक का ही सम्मानित स्थान होता है` भगवान जहाँ मनुष्य को सर्वगुण संपन्न प्राणी बनाकर संसार में भेजता है वहीँ चिकित्सक वर्ग मानव जीवन की रक्षा कर जीवन रक्षक की भूमिका निभाता है` उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने 9 वर्ष 6 महीने के शासन काल में देश में उम्मीदों से अधिक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किए हैं और भारत के सभी जिला मुख्यालयों एक-एक मेडिकल कॉलेज खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं` उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े आरएमपी (रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर) भी सभी छोटे बड़े कस्बों, गाँवों और ढाणियों तक पहुँच कर लोगों को प्राथमिक चिकित्सा देते हैं

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है समाज के आम आदमी पर चिकित्सक वर्ग का विशेष प्रभाव होता है` इसलिए चिकित्सक प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को लोकसभा चुनाव में अपने-अपने क्षेत्र में जाकर पार्टी हित में अधिकतम मतदान करवाने के लिए प्रेरित करना चाहिए`

# शराब की अवैध बिक्री की सूचना व शिकायतों के लिए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

महेंद्र गोयल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने बताया कि आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा की ओर से लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान शराब की अवैध आवाजाही के संबंध में शिकायतों के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। शिकायतें/सूचना नियंत्रण कक्ष के टेलीफोन टोल फ्री नंबर 18001022012, 0172-4112222 पर दर्ज की जा सकती है।

कोई भी व्यक्ति शराब की किसी भी अवैध आवाजाही या बिक्री के संबंध में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है या सूचना दे सकता है। उन्होंने बताया कि आमजन लोकसभा आम चुनाव के दौरान आचार संहिता के संचालन के दौरान हरियाणा राज्य में शराब की अवैध आवाजाही, बिक्री एवं नकली शराब से संबंधित शिकायतें देने व प्राप्त करने के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा द्वारा प्रधान कार्यालय, पंचकूला में राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है।

उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान जिला में अवैध रूप से शराब की बिक्री न हो, इसके लिए संबंधित विभाग तत्परता से निगरानी करें और समय-समय पर अधिकृत शराब ठेकों पर रिकॉर्ड भी चेक करें। किसी भी हाल में जिला में अवैध शराब ना मिले।

# पुलिस ने अर्धसैनिक बल की टुकडी के साथ फ्लैग मार्च निकाला

**पैदल मार्च**

**8 पुलिस व अर्धसैनिक बल ने समालखा खंड के गांव हथवाला व खंड बापौली में पैदल मार्च भी किया।**

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा, 6 अप्रैल( कुलदीप सिह )**

लोकसभा चुनाव के मध्य नजर समालखा व बापौली पुलिस ने अर्धसैनिक बल की टुकडी के साथ उपमंडल में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस व अर्धसैनिक बल ने संयुक्त रूप से समालखा खंड के गांव हथवाला व खंड बापौली में पैदल मार्च भी किया। पुलिस व अर्धसैनिक बल ने समालखा शहर के साथ साथ हल्के के गांव



झट्टीपुर, करहंस, मच्छरौली, भापरा, चुलकाना, भोड़वाल माजरी, पट्टीकल्याणा, देहरा, महावटी, आट्टा, डिकाडला, जौरासी, गढ़ी त्यागयान, शहर मालपुर, बिहोली,बापौली, सनौली सहित अन्य गांवों में फ्लैग मार्च किया। समालखा के डीएसपी नरेंद्र कादियान के नेतृत्व में निकाले गए फ्लैग मार्च में समालखा थाना से सब इंस्पेक्टर महेंद्र, बापौली थाना प्रभारी अतर सिंह, थाना सनौली के एसएचओ संदीप कुमार,समालखा चौकी इंचार्ज वीरेंद्र कुमार, सीआरपीएफ टीम से इंस्पेक्टर अंजू सहित अन्य पुलिस अधिकारी फ्लैग मार्च में शामिल हुए।

डीएसपी नरेंद्र कादियान ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर गत 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। ऐसे में आचार संहिता की पालना और हल्के में लोकसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है।आचार संहिता लागू की पालना के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया। इसका उद्देश्य लोगों में लोकसभा चुनाव की तैयारी और रुकावट डालने वाले बदमाशों के प्रति कड़ी कार्रवाई का संदेश देना है।

# सीएम नायब सैनी किसानों को उपद्रवी बताकर भड़काने में लगे: अनुराग ढांडा

**जनसभा**

**8 *आम आदमी पार्टी वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा की कलायत के बाता गांव में जनसभा***



**कलायत/कैथल, 06 अप्रैल***

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में कलायत विधानसभा के गांव बाता में जनसभा की। उनके साथ सागर राणा, दीपक, मास्टर सतबीर गोयत, सुनील सहारण, राम कुमार, लीला राम, राजीव ढुल मौजूद रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने आम आदमी पार्टी ज्वाइन की।

उन्होंने कहा कि कैथल में चुनाव कार्यक्रम की अनुमति पर गाली देने के मामले को लेकर राष्ट्रीय चुनाव आयोग इस मामले को लेकर रिटर्निंग ऑफिसर और जिलाधिकारी पर कार्रवाई करते हुए ट्रांसफर किया जाए। वहीं अतिसंवेदनशील आईडी और पासवर्ड लीक मामले को लेकर गहनता से जांच होनी चाहिए। उन्होंने दोनों अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाए।उन्होंने कहा कि डीसी और रिटर्निंग अधिकारी एचकेआरन के कर्मचारियों को सस्पेंड कर खुद को बचा रहे हैं। एचकेआरन में बीजेपी ने चुनावों से ठीक पहले अपने चहेतों को भर्ती कर लिया है। कॉन्ट्रैक्ट पर लगे बीजेपी के चहेतों के हाथों लोकसभा चुनाव की कार्रवाई चल रही है। चुनाव आयोग को चुनाव से ठीक पहले लगे कर्मचारियों को चुनावी प्रक्रिया से दूर रखना चाहिए।

उन्होंने कहा भाजपा सरकार के राज में इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी राजनीतिक पार्टी को कार्यक्रम की परमिशन मांगने पर रिजेक्ट कर अभद्र भाषा कमेंट में लिखा गया हो। कैथल के रिटर्निंग अधिकारी और डीसी चुनाव आयोग की वेबसाइट को हैक करने का बयान देकर अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते। पहले ही चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। बीजेपी एजेंटों के हवाले चुनाव आयोग चल रहा है। देश की जनता को आज चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भरोसा नहीं रहा।

उन्होंने कहा एक तरफ तो प्रदेश की मंडियों में गेहूं की खरीद के लिए बीजेपी सरकार प्रदेश के किसानों के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं कर रही है। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी किसानों को खुले मंचों से उपद्रवी बोल रहे हैं। बीजेपी ने हमेशा किसानों को आतंकवादी और उपद्रवी की संज्ञा दी है। किसानों ने जब जब अपने हकों की आवाज उठाई है, उन्हें लाठियां ही मिली हैं। बीजेपी ने किसानों के दिल्ली जाने के रास्ते रोके तो अब किसानों ने अपने गांवों के रास्तों पर पहरा लगा दिया है।

# श्याम जन्म दिन आयो.. बधाई सारे भक्तां नै.. ..भजन पर झूम उठे श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

समस्त श्रीश्याम मंडल परिवार एवं महाराजा अग्रसेन भवन ट्रस्ट के तत्वाधान में अग्रसेन भवन में चल रही श्याम कथा के दूसरे दिन श्याम बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय भजन व कथा प्रवक्ता साध्वी सुजाता कृष्ण चंद्र देव ने श्याम कथा करते हुए कहा कि कौरव वंश के राजा दुर्योधन ने निर्दोष पाण्डवों को सताने और उन्हें मारने के लिए लाक्षागृह का निर्माण किया था, पर सौभाग्यवश वे उसमें से बच निकले और वन में रहने लगे। हिडिंब राक्षस के साथ भीम ने युद्ध किया।



हिडिंब वध होने के बाद माता कुंती व पांडवों ने भीम का विवाह हिडिंबा से करवा दिया। भीम पुत्र घटोत्कच का लालन-पालन माता हिडिंबा ने किया। जब घटोत्कच युवा हो गए तब माता हिडिंबा ने उन्हें भगवान श्रीकृष्ण व पांडवों के पास भेजा। भगवान कृष्ण की कृपा से घटोत्कच का विवाह मोरवी से हुआ। अत्यंत पराक्रमी माता मोरवी के यहां श्याम बाबा प्रगट हुए। माता मोरवी ने बालक बर्बरीक को कृष्ण भगवान को समर्पित कर दिया। भगवान कृष्ण के आदेश से बालक बर्बरीक महीसागर संगम में जाकर तपस्या करते हैं। कथा के दौरान श्याम बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर साध्वी सुजाता कृष्ण चंद्र देव ने श्याम जन्म दिन आयो.. बधाई सारे भक्तां नै.. व श्याम मोरे नैनन में आ के रहियो.. .. गाया तो पूरा पंडाल ही झूम उठा।

फास्ट न्यूज

## मां से रंजिश, बेटी की निर्मम हत्या की

**टीम एक्शन इंडिया**

**पूर्णिया:** पूर्णिया के रूपौली में सात साल की मासूम की निर्मम हत्या कर दी गई। हैवानों ने पहले मासूम के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया फिर आंख फोड़कर गला मरोड़ कर मार डाला। बच्ची का शव चपहरी गांव के बहियार में मिलने से सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी मिलते ही रूपौली थानेदार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करना शुरू कर दिया। रूपौली पुलिस द्वारा दो संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है।

**मक्के के खेत से गायब हो गई थी बच्ची:** परिजनों ने बताया कि बच्ची अपनी दादी के साथ मक्का के खेत में खुट्टी काटने के लिए गई थी। दादी 10 बजे बच्ची को खेत में छोड़कर घर वापस चली आई। उसके बाद जब दादी खेत पहुंची तो बच्ची गायब थी। उसके बाद परिजनों द्वारा बच्ची की खोजबीन की जाने लगी। शुक्रवार की दोपहर में सूचना मिली कि मक्के की खेत में एक लड़की का शव पड़ा हुआ है। इसकी पहचान हम लोगों ने अपने बच्ची के रूप में किया। वहीं मृतिका के दादा ने रेप कर हत्या की आशंका जताई है।

दो संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लिया: घटना के बाद दादा का कहना है बच्ची के साथ दो से तीन लोगों ने रेप किया है। उसके बाद गला मरोड़ कर हत्या कर दी। रूपौली पुलिस द्वारा दो संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हिरासत में लिये गये एक व्यक्ति मोतिहारी जिला का बताया जा रहा है। इधर, रूपौली थानेदार अमजद अली ने बताया दो संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। जांच के लिए एफएसएल की टीम की मदद ली गई है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

## लोकायुक्त को सीधे रिपोर्ट नहीं भेजेगी एसीबी

**चंडीगढ़: हरियाणा में का**म कर रही एंटी करप्शन ब्यूरो सीधा लोकायुक्त को जांच रिपोर्ट नहीं भेजेगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ब्यूरो की पावर घटाते हुए मुख्य सचिव को सीधे रिपोर्ट करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) को झटका देते हुए निर्देश दिए हैं कि ब्यूरो को मुख्य सचिव कार्यालय के विजिलेंस विभाग को अब सीधी जानकारी देनी होगी। दरअसल, एसीबी के सीधी लोकायुक्त को जांच रिपोर्ट भेजने से सरकार को लंबित और जांच प्रक्रिया के मामलों की सटीक जानकारी नहीं मिल पा रही थी। लिहाजा, इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने फैसला लिया कि एसीबी सीधी लोकायुक्त को रिपोर्ट नहीं भेजेगा। सरकार के नए आदेश के बाद मुख्य सचिव कार्यालय पावरफुल हो गया है। अब सीधे मुख्य सचिव कार्यालय के विजिलेंस विभाग के पास एसीबी के मामलों की रिपोर्ट पहुंचेगी। राज्य सरकार ने मामले पर पुनर्विचार करते हुए निर्णय लिया है कि भविष्य में जिन मामलों में जांच, जांच के आदेश लोकायुक्त द्वारा एसीबी को दिए जा रहे हैं।

# मोदी ने कभी नहीं ली छुट्टी: धामी

### उनका हर पल-हर क्षण भारत मां की सेवा में समर्पित, सेना हुई सशक्त, दुश्मन की गोली का जवाब गोली से दे रहा भारत: सीएम

**सशक्त**

**हर पल-हर क्षण भारत मां की सेवा में समर्पित किया है। मोदी के नेतृत्व में सेना और अधिक सशक्त हुई है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 वर्ष के काल खंड में कभी छुट्टी नहीं ली। उन्होंने हर पल-हर क्षण भारत मां की सेवा में समर्पित किया है। मोदी के नेतृत्व में सेना और अधिक सशक्त हुई है। आज दुश्मन की गोली का जवाब गोली से दिया जा रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार सैनिक कल्याण के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री धामी शनिवार को रुद्रप्रयाग के जखोली स्थित ब्लाक कार्यालय मैदान पर पौड़ी गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड और चारधाम के लिए कभी कोई कमी नहीं की है। रेल, रोपवे, रोड़, कृषि, बागवानी, पशुपालन, रोजगार, हर क्षेत्र में विकास निरंतर जारी है। केंद्र एवं राज्य सरकार ने डबल इंजन की रफ्तार से काम किया है। राज्य में केंद्र की दो लाख करोड़ से भी ज्यादा योजनाएं स्वीकृत हैं।

**सुगम और सुरक्षित हुई चारधाम यात्रा:** आज चारधाम यात्रा सुगम और सुरक्षित हुई है। चारधाम यात्रा में करीब 50 लाख लोग आ रहे हैं। केदारनाथ मंदिर में रोप-वे का कार्य पूर्ण होने के बाद यात्रा और तेजी से चलेगी। इस दौरान भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी, विधायक भरत चौधरी, बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, महावीर पंवार आदि थे।

**एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना साकार करने में दें योगदान:** मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि 19 अप्रैल को पहले मतदान करें, फिर जलपान करें और अनिल बलूनी को विजयी बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना साकार करने में अपना योगदान दें।

**विपक्षियों में चुनाव लड़ने का सामर्थ्य नहीं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षियों में चुनाव लड़ने का सामर्थ्य नहीं है। उनके यहां चुनाव लड़ने वाला कोई नहीं है।

### हाथ का साथ छोड़ निकल पड़े कमल खिलाने

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** कांग्रेस प्रदेश सचिव, पूर्व दायित्वधारी, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष, पूर्व ब्लाक प्रमुख समेत अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता हाथ का साथ छोड़ कमल खिलाने निकल पड़े हैं। इसमें मातृशक्ति की संख्या अधिक थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की उपस्थिति में सभी ने बलवीर रोड स्थित प्रदेश मुख्यालय में भाजपा की सदस्यता ली। इसमें ठाकुर सिंह राणा, शैलेंद्र पवार, हरीश भंडारी, रजनीश पंवार, कुलदीप भंडारी, कुंदन सिंह टकोला प्रमुख रहे। सभी लोगों का फूल-माला और पताका पहनाकर स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने भरोसा दिलाया कि राज्य में पार्टी का संरक्षक होने के नाते वह सभी लोगों के मान-सम्मान का पूरा ख्याल रखेंगे। उन्होंने सभी लोगों से अपने-अपने क्षेत्र में जाकर पार्टी उम्मीदवारों को मिलने वाले जनसमर्थन को बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने दावा किया कि पार्टी में शामिल होने की यह लहर पहले से तय जीत को और अधिक शानदार बनाने जा रही है।

## ममता ने किया पीएम के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** कूचबिहार की जनसभा से पीएम नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करने वाली मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ भाजपा ने चुनाव आयोग में शिकायत की है। खाद्य सुरक्षा योजना पर पीएम नरेंद्र मोदी की तस्वीर को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। हालांकि जैसे ही उन्हें इस बात का एहसास हुआ, तुरंत उन्होंने अपने शब्द वापस ले लिए। ममता ने कहा कि मैं अच्छी तरह से सभ्य भाषा में ही बात करती हूं, बोलते-बोलते गुस्से में निकल गया। हालांकि भाजपा ने उनकी सफाई को बहुत महत्व नहीं दिया है और चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करा दी है। पार्टी ने अपने पत्र में लिखा है कि मुख्यमंत्री होने के बावजूद ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री को सार्वजनिक सभा में अपमानित किया है। यह सभ्य भाषा में अपनी बात रखने के नियमों के विपरीत चुनावी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। हालांकि आयोग की ओर से इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है। उसी दिन ममता ने भी कूचबिहार में जनसभा की थी और पीएम के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा था कि राशन के पैकेट पर भी मोदी की तस्वीर रहती है। ...... मर जाऊंगी लेकिन पीएम का राशन नहीं खाऊंगी।

**शिकायत**

**अपशब्दों का इस्तेमाल करने वाली सीएम के खिलाफ भाजपा ने चुनाव आयोग में शिकायत की**

## गायत्री प्रजापति के 13 ठिकानों पर छापा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** खनन घोटाले और आय से अधिक संपत्ति के मामले में पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के चार शहरों के 13 ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को छापे मारे। लखनऊ, अमेठी, दिल्ली और मुंबई में हुई कार्रवाई के दौरान तमाम बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज मिले हैं। 44 लाख की नकदी भी जब्त की गई है। जांच एजेंसी ने गायत्री के महिला मित्र गुड्डा देवी की लखनऊ में आशियाना स्थित आवास और दामाद के विभूति खंड, गोमतीनगर में ओमेक्स हाइट्स के फ्लैट को भी खंगाला है। इसके अलावा गायत्री के सरोजनी नायडू मार्ग स्थित



हैवलक कॉलोनी में निर्माणाधीन परिसर, आम्रपाली योजना व आलमबाग के परिसरों को भी खंगाला गया है। कार्रवाई के दौरान केंद्रीय बलों के जवान भी मौजूद रहे। ईडी के अधिकारियों ने गायत्री के बेटे अनुराग को अमेठी से लखनऊ के जोनल कार्यालय लाकर पूछताछ की, जो देर रात तक जारी रही। सूत्रों के अनुसार अनुराग जांच में सहयोग नहीं कर रहा था।

**महिला मित्र व दामाद के नाम खरीदीं संपत्तियां:** ईडी ने बीते दिनों गायत्री के मुंबई के ठिकानों पर छापा मारा था। वहां चार बेशकीमती फ्लैटों में अरबों की बेनामी संपत्तियों और कंपनियों में निवेश के प्रमाण मिले थे।

**ईडी की रेड**

**लखनऊ, अमेठी, दिल्ली और मुंबई में हुई कार्रवाई के दौरान तमाम बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज मिले हैं**

## 210 करोड़ की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**कछार:** असम में इन दिनों ड्रग्स मुक्त राज्य की दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एसटीएफ असम और कछार पुलिस ने संयुक्त अभियान में सिलचर में 21 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 210 करोड़ रुपये है। साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है। वहीं इस मामले की जांच जारी है। इसे लेकर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने एक्स हैंडल पर जानकारी देते हुए असम पुलिस को बधाई दी है। साथ ही उन्होंने यह जक्रि भी किया कि यह ड्रग्स के खिलाफ चल रहे अभियान को लेकर राज्य में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है।

## बंगाल में अब एनआईए टीम पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** पूर्वी मेदिनीपुर के भूपतिनगर में हुए विस्फोट की जांच के सिलसिले में पहुंची एनआईए की टीम पर शनिवार को उपद्रवियों ने घेर कर हमला कर दिया। एनआईए अधिकारियों की कार पर पथराव किया गया जिसमें दो अधिकारियों को चोटें आई हैं। इससे पहले 5 जनवरी को उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां के घर की तलाशी के दौरान ईडी की टीम पर तृणमूल नेता के समर्थकों ने हमला कर दिया था। दिसंबर 2022 को भूपतिनगर थाने के भगवानपुर 2 ब्लॉक के अर्जुन नगर ग्राम पंचायत के नैराबिला गांव में



रात करीब 11 बजे भीषण बम विस्फोट हुआ था। घटना में तृणमूल बूथ अध्यक्ष राजकुमार मन्ना, उनके भाई देवकुमार मन्ना और विश्वजीत गायेन की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस इलाके में गई। पुलिस ने अपनी पहल पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बाद में कोर्ट के आदेश पर एनआईए ने घटना की जांच अपने हाथ में ले ली। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए ने विस्फोट के सिलसिले में भूपतिनगर के रहने वाले बलाई मैती और मनोब्रत जाना नाम के दो लोगों को तलब किया लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए। एनआईए ने दोनों के घरों पर छापेमारी की थी। जैसे ही पूछताछ के लिए ले जाए जाने के लिए दोनों को कार में बिठाया गया, उसके समर्थक तृणमूल कार्यकताओं ने केंद्रीय एजेंसी के वाहन को घेर लिया। सूत्रों का दावा है कि वे बलाई और मनोब्रत को कार से उतारने की मांग कर रहे थे। इस दौरान उपद्रवियों ने गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। दो अधिकारियों को चोटें आई हैं।

## सपा के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव भाजपा में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। श्रीवास्तव को उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता के साथ भाजपा में शामिल कराया। इस दौरान उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र श्रीवास्तव के भाजपा ज्वाइन करने पर उनकी पार्टी और मजबूत हुई है। समाजवादी पार्टी के



पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष और राज्य कर्मचारी संघ के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र श्रीवास्तव के साथ उनके सैकड़ों समर्थकों ने भी पार्टी का दामन थामा।

## एनआईए टीम पर हमले को लेकर घिरी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में ईडी के बाद अब एनआईए टीम पर भी हमले की घटना सामने आई है। जिसे लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने राज्य की टीएमसी सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। साथ ही राज्य में कानून व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े किए।

**अमित मालवीय ने टीएमसी पर लगाए गंभीर आरोप:** अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि



'पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के कुशासन में अराजकता की स्थिति जारी है। ईडी पर हमले के बाद अब एक और केंद्रीय एजेंसी पर हमला हुआ है। एनआईए अधिकारियों की एक टीम पर पूर्वी मेदिनीपुर के भूपतिनगर में हमला हुआ। एनआईए टीम टीएमसी के दो नेताओं को गिरफ्तार करने पहुंची थी। 100-150 ग्रामीणों ने न सिर्फ एनआईए टीम को आरोपियों को गिरफ्तार करने से रोका, बल्कि एनआईए के वाहनों पर पथराव भी किया। यह स्थानीय पुलिस की मिलीभगत के संभव नहीं है। बंगाल के सभी अपराधियों शाहजहां शेख से लेकर अनुब्रत मंडल तक, सभी को टीएमसी का संरक्षण प्राप्त है।' अमित मालवीय ने अपने पोस्ट में दो वीडियो भी जारी किए हैं, जिनमें एक वीडियो स्थानीय लोग सुरक्षाबल के जवानों से बहस करते दिख रहे हैं।

**बीजेपी हमलावर**

**100-150 ग्रामीणों ने न सिर्फ एनआईए टीम को आरोपियों को गिरफ्तार करने से रोका**

## 21 मई से शुरू होगी हज के लिए उड़ानें

**जयपुर:** जयपुर एयरपोर्ट से 21 मई से हज की उड़ानों का संचालन शुरू किया जाएगा। इसको लेकर एयरपोर्ट अथॉरिटी ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस बार मई में सीधे मदीना के लिए नौ फ्लाइट का डिपार्चर प्रस्तावित है। जबकि, जुलाई में जेद्दाह से 9 फ्लाइट आएगी। इस साल भी 21 मई से 11 जुलाई तक हज फ्लाइट्स का संचालन जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल एक से किया जाएगा। इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। इस बार 21 से 27 मई तक मंगलवार, गुरुवार, शनिवार, रविवार और सोमवार को जयपुर से मदीना के लिए एक उड़ान प्रतिदिन प्रस्तावित हैं।

## बस्तर के 125 मतदान केंद्रों में महिला कर्मचारियों द्वारा कराया जाएगा मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर/जगदलपुर**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज शनिवार को जगदलपुर शहर में आयोजित मतदाता जागरूकता रैली को संबोधित करते हुए कहा कि, सभी जागरूक नागरिक मतदान दिवस को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के साथ ही अन्य लोगों को भी मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक कर वोट डालने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने विगत विधानसभा निर्वाचन के दौरान मतदाताओं की जागरूकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि बस्तर संभाग में कई सालों का मतदान प्रतिशत का रिकार्ड तोड़कर आप लोगों ने नया कीर्तिमान स्थापित किया। प्रदेश के इस वनांचल में मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए जो उत्साह प्रदर्शित किया गया, वह छत्तीसगढ़ के अन्य क्षेत्रों के मतदाताओं के लिए भी प्रेरणादायक है।

**उत्साह**

**प्रदेश के इस वनांचल में मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए जो उत्साह प्रदर्शित किया**

## पाली में रात डेढ़ बजे कांपी धरती

**टीम एक्शन इंडिया**

**पाली:** पाली में शुक्रवार देर रात को भूकम्प का झटका महसूस हुआ। इसका असर सादड़ी सहित आस-पास के कई गांवों में देखने को मिला। आधी रात के बाद अचानक भूकम्प का झटका महसूस होने पर लोग घरों से बाहर निकलकर आ गए। भूकम्प का झटका शुक्रवार रात एक बजकर 29 मिनट पर महसूस हुआ। इसका केंद्र बिन्दु पाली जिला मुख्यालय से 71 किलोमीटर दूर पिपला गांव (सादड़ी) माना गया है। अचानक रात को भूकम्प आने से लोगों को घरों की खिड़कियां और पंखें हिलते हुए नजर आए। इससे डरकर लोग घरों से बाहर निकल आए। भूकम्प के झटकों का असर देसूरी, सादड़ी, घाणेराव, मुंडारा, नारलाई, नाडोल, आना सहित आस-पास के गांवों में देखने को मिला। जियोलॉजिकल रिसर्चर नीलेश पुरोहित ने बताया कि पूरी धरती पर पिछले चार-पांच दिनों से टेक्टोनिक प्लेट्स में भारी मूवमेंट हो रही है। जापान से लेकर न्यूयॉर्क तक दुनियाभर में फाल्ट लाइन्स के करीब भूकंप के झटके लग रहे हैं। यह झटके आगामी कुछ दिन तक जगह-जगह पर महसूस होते रहेंगे जब तक पाताल में टेक्टोनिक प्लेटस दोबारा सैटल नहीं हो जाती।

## शर्मनाक: महिला को अर्धनग्न कर गलियों में दौड़ाया




**टीम एक्शन इंडिया**

**तरनतारन:** तरनतारन से एक बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां एक युवक के प्रेम विवाह का खामियाजा उसकी मां को भुगतना पड़ा। कस्बा वल्टोहा की रहने वाली एक युवती के साथ प्रेम विवाह करने वाले युवक की मां को अर्धनग्न कर गलियों में दौड़ाया। कुछ लोगों ने इसका वीडियो बनाकर इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने तीन लोगों को नामजद कर कुल पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वहीं, इस शर्मनाक घटना पर महिला आयोग ने भी रिपोर्ट मांग ली है। आयोग ने पुलिस से रिपोर्ट मांगी है कि इस मामले में क्या कार्रवाई की गई है। महिला ने थाना वल्टोहा की पुलिस को बताया कि उसके बेटे ने पड़ोस में रहती युवती के साथ कोर्ट मैरिज की थी। इसी रंजिश के तहत 31 मार्च की शाम करीब छह बजे आरोपी शरणजीत सिंह उर्फ सन्नी, गुरचरण सिंह, कुलविंदर कौर उर्फ मनी और दो अज्ञात व्यक्ति उसके घर के बाहर आए और चिल्लाने लगे। शोर सुनकर जब वह घर से बाहर निकली तो आरोपियों ने उसके साथ कोर्ट मैरिज की बात करते हुए उसके गले में हाथ डाल दिया। उसकी कमीज फाड़ कर उसे अर्धनग्न कर दिया और गलियों में दौड़ाया। वह मदद के लिए चिल्लाई, तो उसका पति और अन्य लोग इकट्ठा हो गए। आरोपियों ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। भिखीविंड के डीएसपी प्रीत इंदर सिंह ने बताया कि इस मामले में पीड़िता के बयान के मुताबिक शरणजीत सिंह, गुरचरण सिंह, कुलविंदर कौर निवासी वल्टोहा और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

**केस दर्ज**

**चिल्लाती रही वो... वीडियो बनाते रहे लोग, किसी ने मदद तक न की, एफआईआर दर्ज**

चुनावी समर

### राजनैतिक दल/आवेदकों को राज्य अथवा जनपद स्तर पर गठित एमसीएमसी कमेटी को आवेदन देकर पूर्व-प्रमाणन कराना होगा

# लोकसभा चुनाव: उत्तराखंड में 76 हजार डाक मतपत्र डाउनलोड

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** उत्तराखंड में 76 हजार डाक मतपत्र डाउनलोड किये जा चुके हैं। ईटीपीबीएस इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से 93187 सर्विस वोटरों तक पहुंचाए गये थे। डाक मतपत्र 07 अप्रैल तक डाउनलोड किये जा सकते हैं। शनिवार शाम सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने नियमित प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। उत्तराखण्ड में इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली (ईटीपीबीएस) जारी किये गये थे,जिसमें सभी सर्विस वोटर्स को मतदान करने के लिए डाक मतपत्र प्रेषित किये गये थे। कुछ सर्विस वोटरों के डाक मतपत्र जनपदों को प्राप्त होने भी प्रारंभ हो गये हैं।



**दून में 1240 मतदाताओं ने डाक मत किया अंकित-** अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 85 वर्ष से अधिक और दिव्यांग मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराने की प्रक्रिया की शुरूआत देहरादून जनपद ने 05 अप्रैल से कर ली है। शुक्रवार तक देहरादून जनपद में 1240 ऐसे मतदाताओं ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपना मत अंकित किया था। आज से पौड़ी जनपद में भी घर-घर जाकर मतदान कराने की प्रक्रिया की शुरूआत की गई है।

**मतदान के एक दिन पहले विज्ञापनों का प्रमाणीकरण जरूरी:** अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि मतदान के दिवस पर और मतदान के एक दिन पहले समाचारपत्रों में प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणीकरण कराना होगा। प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए राजनैतिक दल/आवेदकों को राज्य अथवा जनपद स्तर पर गठित एमसीएमसी कमेटी को आवेदन देकर पूर्व-प्रमाणन कराना होगा। मतदान की समाप्ति से 48 घण्टे पूर्व प्रचार अवधि समाप्त हो जाती है।

**निर्देश**

**एक दिन पहले समाचारपत्रों में प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणीकरण कराना होगा**